भारत के राजपत्र, असाधारण के, भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ

फा. संख्या 07/15/2025-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांकः 20 मार्च 2026

अंतिम जांच परिणाम

मामला संख्याः एडी(एसएसआर)-08/2025

विषय: चीन जन.गण. से पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) रेजिन के आयात के संबंध में पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा।

फा.सं. 07/15/2025-डीजीटीआर: - समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "पाटनरोधी नियमावली" अथवा "नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. जबकि, इंडोरामा यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड, आईवीएल धुनसेरी पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" कहा गया है) ने चीन जन.गण. (जिसे आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) से पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) रेजिन (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "संबद्ध वस्तु" भी कहा गया है) के आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा शुरु करने के लिए सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) के समक्ष आवेदन दायर किया।

2. चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात से संबंधित मूल जांच प्राधिकारी द्वारा अधिसूचना 6/24/2019-डीजीटीआर दिनांक 1 अक्टूबर 2019 द्वारा शुरू की गई थी। प्राधिकारी ने अपने अंतिम जांच परिणाम संख्या 6/24/2019 - डीजीटीआर दिनांक 28 दिसंबर 2020 के माध्यम से पांच वर्ष की अवधि के लिए निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी, जिसे सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 18/2021 - सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 27 मार्च 2021 के माध्यम से लागू किया गया था।

3. शुल्क लगाने के अनुसरण में, वानकाई न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्यात किए जाने पर संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के संबंध में एक पाटनरोधी जांच 4 मार्च 2024 को शुरू की गई थी। प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणाम फा. सं. 7/27/2023 डीजीटीआर दिनांक 28 अगस्त 2024 जारी की, जिसमें लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की मात्रा में संशोधन की सिफारिश की गई थी। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना 25/2024 - सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 22 नवंबर 2024 जारी की, जिसमें लागू पाटनरोधी शुल्क की मात्रा में संशोधन किया गया।

4. और जबकि, आवेदकों द्वारा दायर किए विधिवत प्रमाणित आवेदन को देखते हुए, प्राधिकारी ने अधिनियम की धारा 9क(5) के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 (1ख) के अनुसार चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद के आयात में पाटनरोधी जांच शुरू करते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 07/15/ 2025-डीजीटीआर दिनांक 23 सितंबर 2025 जारी की थी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पाटन निरंतर होने या बार बार होने और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होने की संभावना है। संबद्ध जांच की शुरुआत के बाद, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या 39/2025-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 26 दिसंबर 2025 जारी की, जिसमें 26 जून 2026 तक और संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर लागू शुल्क का विस्तार किया गया था।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

5. वर्तमान समीक्षा का क्षेत्र अंतिम जांच परिणाम संख्या 6/24/ 2019-डीजीटीआर दिनांक 28 दिसंबर 2020 में सभी पहलू शामिल है, जिसे जांच परिणाम फा. संख्या

7/27/2023 डीजीटीआर दिनांक 28 अगस्त 2024 द्वारा संशोधित किया गया था, जिसके द्वारा प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी और क्रमश: शुल्क की मात्रा में वृद्धि की थी।

6. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. प्राधिकारी ने 23 सितंबर 2025 को भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित एक सार्वजनिक आम सूचना जारी की, जिसमें संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा शुरू की गई थी।

ii. प्राधिकारी ने भारत में अपने दूतावास के माध्यम से संबद्ध देश की सरकार को, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग के साथ-साथ अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए पते के अनुसार जांच शुरुआत अधिसूचना की एक प्रति भेजी है और उनसे अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी टिप्पणियों से अवगत कराएं।

iii. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों और भारत में अपने दूतावास के माध्यम से संबद्ध देश की सरकार को आवेदन के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जहां भी अनुरोध किया गया था, उपलब्ध कराई गई थी।

iv. प्राधिकारी ने इस नियमावली नियम 6(4) के अनुसार संगत जानकारी प्राप्त करने के लिए संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक की प्रश्नावली भेजी:

1. एबक्लेबटोरी साइंटिफिक कंपनी लिमिटेड
2. अल शसाज़े इंटरनेशनल ट्रेड लिंक
3. एन थान बिक्सोल जॉइंट स्टॉक कंपनी
4. एंटन इंडस्ट्रीज जॉइंट स्टॉक कंपनी
5. एंथन बिस्कॉल जॉइंट स्टॉक कंपनी
6. अपेलोआ हांगकांग लिमिटेड
7. अरेवा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड

8. ऑस्प्रो इंटरनेशनल लिमिटेड
9. अवंती एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड
10. ब्रिज पॉलीमर्स नीदरलैंड्स बीवी
11. सीजीआर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
12. जिनशान एसोसिएटेड ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन
13. चाइना रिसोर्सेज केमिकल इनोवेटिव मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड
14. कॉमर्स हार्बर एफजेडई
15. कॉसमॉस वीयू लिमिटेड
16. फुजियान बिलियन पॉलीमराइजेशन फाइबर टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
17. ग्रैंड डिग्निटी इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
18. ग्वांगडोंग आईवीएल पेट पॉलीमर कंपनी लिमिटेड
19. हांग्जोई जेनरुई केमिकल्स कंपनी लिमिटेड
20. हेनान लिहाओ केम प्लांट लिमिटेड
21. होस्को फार्माकेम लिमिटेड
22. हुबेई डेकॉन पॉलिएस्टर कंपनी लिमिटेड
23. इंडस बिजनेस वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
24. जियांग्सू कंपनी सिनोपेक केमिकल कमर्शियल होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
25. जियांग्सू जीटीआईजी हुआताई कंपनी लिमिटेड
26. जियांग्सू किंगफा साइंस टेक एडवांस्ड
27. जियांग्सू शुआंगक्सिंग कलर प्लास्टिक न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड
28. जियांगयिन शिंग्यू न्यू मैटेरियल कंपनी लिमिटेड
29. केट्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड
30. केमो इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड
31. किंगफा साइंस टेक कंपनी लिमिटेड
32. एम जी पॉलीमर्स एफजेडई
33. एम एस एएन थान बिकसोल जेएससी
34. एम एस मिमोसा एशिया एस प्राइवेट लिमिटेड
35. मैथेसन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
36. मिमोसा एशिया एस प्राइवेट लिमिटेड

37. नक्षत्र ट्रेडिंग डीएमसीसी
38. नानजिंग लीडिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
39. नॉर्थईस्ट फार्म ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
40. ओजी ट्रेडिंग हांगकांग कंपनी लिमिटेड
41. पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट एफजेडई
42. एसबीआर ग्रुप लिमिटेड
43. शंघाई केमस्पेस कंपनी लिमिटेड
44. सिनो क्राउन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
45. सिनो होवर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड
46. सिनोकेम फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड
47. स्काईलाइन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड
48. एसपीके कंसल्टिंग एलएलसी
49. एसजन.गण. एल ट्रेडिंग एफजेडई
50. सुझोऊ सेलप्रो बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
51. सूज़ौ हेंगली केमिकल फाइबर न्यू मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड
52. ताईझोउ सानकुलाई इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड
53. टैस कमोडिटीज़ प्राइवेट लिमिटेड
54. टेक्सपो इंटरनेशनल लिमिटेड
55. टीएलडी वियतनाम जॉइंट स्टॉक कंपनी लिमिटेड
56. तोंगकुन ग्रुप कंपनी लिमिटेड
57. तोयोशिमा एंड कंपनी लिमिटेड
58. ट्राइकॉन ड्राई केमिकल्स एलएलसी
59. यूनिग्लोबस ट्रेडिंग एफजेडई
60. यूनाइटेड रॉ मटेरियल प्राइवेट लिमिटेड
61. वासुन एंटरप्राइजेज ट्रेडिंग एफजेडई
62. वेलार इंटरनेशनल डेवलपमेंट लिमिटेड
63. वानकाई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
64. वानकाई न्यू मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड
65. ज़ियामेन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
66. वूशी यूबेस्ट न्यू मटेरियल्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

67. ज़ियामेन सीडी केमिकल कंपनी लिमिटेड
68. ज़ियामेन आईटीजी बाओदारुन इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
69. ज़ियामेन झोंगहोंगफा ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
70. यांगझोउ रिलायंस केमिकल्स कंपनी लिमिटेड
71. यांगझोउ तियामत इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कंपनी
72. यू ज़ियू टेक्सटाइल्स कंपनी लिमिटेड
73. झेजियांग हेलाइड न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड
74. झेजियांग हेंगुई पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड
75. झेजियांग यूसेंग इंडस्ट्री ट्रेड कंपनी लिमिटेड
76. झेजियांग झोंगटुओ सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

v. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से अनुरोध किया गया था कि वह अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

vi. संबद्ध जांच की शुरुआत के प्रत्युत्तर में, केवल वानकाई न्यू मैटेरियल्स कं. लिमिटेड ने निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर देकर जवाब दिया। मौखिक सुनवाई के बाद, वानकाई न्यू मैटेरियल्स कं, लिमिटेड के एक संबद्ध व्यापारी, अर्थात् वानकाई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर यह दावा करते हुए प्रस्तुत किया कि उसने विचाराधीन उत्पाद को भारत में निर्यात किया है। यह अनुरोध किया गया है कि ऐसी देरी एक चूक के कारण हुई है और चूंकि संबद्ध व्यापारी के माध्यम से वानकाई का निर्यात नगण्य है, इसलिए इसका मार्जिन के निर्धारण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

vii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक जानकारी की मांग करते हुए आयातक और प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजी।

1. एसीए पॉलीमर्स
2. एके ट्रेडर्स
3. एएनआई एंटरप्राइजेज
4. एक वी पॉलीमर

5. ऐजी पॉलीपैक प्राइवेट लिमिटेड
6. अभिलाषा इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
7. एक्टिव इंटरनेशनल
8. एग्लो एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
9. एग्लो पैकेजिंग्स लिमिटेड
10. एग्लो पैकेजिंग्स लिमिटेड
11. एग्लो पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
12. अहिंसा इंडस्ट्रीज लिमिटेड
13. एयरकिंग इंडस्ट्रीज
14. आकांक्षा शिप ब्रेकिंग प्राइवेट लिमिटेड
15. अंबिका कॉर्पोरेशन लिमिटेड
16. एएमडी पेट्रो एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड
17. अमृत पॉलीकेम प्राइवेट लिमिटेड
18. अमूल्यम पॉली एक्जिम
19. अन्नपूर्णा पेट प्राइवेट लिमिटेड
20. एक्वा पॉलीमर्स
21. एक्वाफ्रेस पॉलीप्लास्ट
22. आराध्या ओवरसीज
23. एरोमा ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
24. एसेंड इंटरनेशनल
25. आशु एंटरप्राइजेज
26. एस्पायर पॉलीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड
27. ऑसेन ग्लोबल एलएलपी
28. अवंती एक्जिम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
29. एवी ग्लोबल प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
30. आयम सिंटेक्स लिमिटेड
31. आयुष टेक्सलीन लिमिटेड
32. बाफना पॉलिमर्स इंडिया
33. बाफना पॉलिमर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
34. बंडारू पॉलिमर्स

35. भारत मोनोफिलामेंट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड
36. भव्य पॉलीफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड
37. भिलोसा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
38. ब्लू स्टार पैक क्राफ्ट
39. बोहरा एसोसिएट्स
40. बोल्टन पेटफॉर्म्स प्राइवेट लिमिटेड
41. कैबिस्को प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
42. कैबिस्को प्लास्टिक एलएलपी
43. केम इंटरनेशनल
44. कॉस्मोप्लास्ट
45. क्रिएटिव प्रोपैक लिमिटेड
46. क्रिएटिव प्रोप्लास्ट लिमिटेड
47. डी पी एंटरप्राइजेज
48. धनंजय प्लास्ट
49. धौलागिरी पॉलीओलेफिन्स प्राइवेट लिमिटेड
50. डायमंड पॉलीकोट्स
51. डॉश फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
52. दुर्जय एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड
53. दिव्या पॉलीटेक प्राइवेट लिमिटेड
54. इंजीनियर्ड पॉलिमर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
55. एपिटोम पेट्रोपैक लिमिटेड
56. फ्लेक्सिलिस प्राइवेट लिमिटेड
57. फॉर्च्यून कंटेनर्स
58. जी प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
59. जी आर पेट प्रीफॉर्म्स
60. गणपति फिशिंग लाइन्स प्राइवेट लिमिटेड
61. जीबीसी पैकेजिंग
62. ग्लोरी इंडस्ट्रीज
63. गुडवे केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
64. ग्रेस ट्रेडिंग

65. ग्रीन पेट स्ट्रैप प्राइवेट लिमिटेड
66. ग्रीनस्ट्रैप LLP
67. एचपी पेट
68. हैप्पी पॉली कोट्स
69. एचबी पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड
70. हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड
71. इम्पार्क
72. इंटरप्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
73. ईशा प्लास्ट इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
74. ईशान प्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
75. आयरा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड
76. जे जे प्लास्टलॉय प्राइवेट लिमिटेड
77. जेके पॉलीमर्स इंडस्ट्रीज
78. जगदंबा पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
79. जय गोपाल इंटरनेशनल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
80. जयमारुति पॉलीकेम एलएलपी
81. जैनसन केबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
82. जयराम स्ट्रैप प्राइवेट लिमिटेड
83. जय अम्बे फिलिमेंट प्राइवेट लिमिटेड
84. जय मुल्टी टेक
85. जेसी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
86. जेबी पॉलीपैक प्राइवेट लिमिटेड
87. जेब्रुना इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
88. जेब्रुना इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
89. जेल फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
90. जॉन पॉलीमर्स
91. केसी प्रीफॉर्म्स
92. केएस प्लास्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
93. कांति बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड
94. केडीएस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड

95. किंगफा साइंस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
96. किरण पॉलीफैब प्राइवेट लिमिटेड
97. कोमल पॉलीमर्स
98. कोस्मोस पेट्रोकेम
99. कृपा पॉलीमर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
100. कृति चेम्प्लास्ट एलएलपी
101. क्रिस्टल्स इम्पेक्स
102. लक्ष्य प्रोपैक एलएलपी
103. लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी
104. लाइट वॉक प्राइवेट लिमिटेड
105. लीला पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
106. एलपीबी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड
107. एमएस इम्पेक्स
108. एमएस प्लास्ट
109. माधव इंटरनेशनल
110. मधु प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड
111. मधु प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड
112. महावीर इंजीनियरिंग एंड प्लास्टिक्स वर्क्स
113. मरुधर पेट्रोकेम
114. मारुति ओवरसीज
115. मार्वल पॉलीएक्जिम एलएलपी
116. मास्कारा इम्पेक्स एलएलपी
117. मयूर स्ट्रैप पैकेजिंग उद्योग
118. मेघा फ्रूट प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड
119. मेरिट स्ट्रैप्स एंड पैकेजिंग इंडस्ट्रीज
120. मित्तल लैमिनेशन
121. मिक्स मीडिया साइनेजेस एलएलपी
122. एमएम9 पॉलीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड
123. मुरलीधर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड
124. एन आर इंडस्ट्रीज

125. नेशनल प्लास्टो कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड
126. नेशनल पॉलीप्लास्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
127. नीलगिरी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
128. नेस्कोपेट प्राइवेट लिमिटेड
129. नेक्सस पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड
130. निर्मल पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
131. निशांत मोल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
132. नितिन प्लास्टिक
133. महान एक्जिम
134. नोबल पैकेजिंग
135. नोवा पॉलीमर्स
136. एनएसवी इंडिया ओवरसीज एलएलपी
137. ओशन पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड
138. ओम इम्पेक्स
139. ओमकार इंडस्ट्रीज लिमिटेड
140. ओरेकल पॉलीप्लास्ट
141. ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
142. ओरियोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
143. ओसवाल इंटरनेशनल
144. पैन सिंथेटिक प्राइवेट लिमिटेड
145. परमेश्वर इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
146. परमेश्वर ओवरसीज ट्रेड
147. पवन केमिकल्स
148. पेंटा पैक पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
149. परफेक्ट फिलामेंट्स लिमिटेड
150. पर्लोन गोवा प्राइवेट लिमिटेड
151. पीईटी एक्युपमेंट रिसेल्स प्राइवेट लिमिटेड
152. पेट इंडिया इंडस्ट्रीज
153. पेट्रोटेक केमिका प्राइवेट लिमिटेड
154. पेट्रोटेक प्रोडक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

155. प्लास्टिब्लेंड्स इंडिया लिमिटेड
156. प्लास्टस्केप्स ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड
157. पोद्दार पिगमेंट लिमिटेड
158. पॉलस्टार
159. पॉलिसिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
160. पॉलिसिट्स प्राइवेट लिमिटेड
161. प्रकृत इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
162. प्रवीण पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
163. पुरी पॉलीमर्स
164. पीवीसी रंग मिश्रण प्रसंस्करण
165. क्यूबर पेट्रोकेम
166. राग पेट
167. राज पॉलीमर्स
168. राजश्री पॉलीपैक लिमिटेड
169. रामचम पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड
170. रेपिट पैट इंडस्ट्रीज
171. आरसीके इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
172. रेडी पैकेज
173. आरजीपी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
174. आरजीएस पेट स्ट्रैप एलएलपी
175. रिडैम इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
176. ऋषभ ट्रिएक्सिम एलएलपी
177. रिवांश पॉलीमर्स
178. आरकेजी पॉलीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड
179. रुद्र इंटरनेशनल
180. रुंगटा मोल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
181. रूपटेक्स मिनरल वाटर प्राइवेट लिमिटेड
182. एस जी पॉलीमर्स
183. एस एल वी पेट इंडस्ट्रीज
184. एस एस पॉलीमर्स इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड

185. सावी ट्रेडिंग कंपनी
186. साजो पॉलीटेक प्राइवेट लिमिटेड
187. संजय केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
188. सारा एंटरप्राइजेज
189. सतीश अग्रवाल
190. एसई टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड
191. एसजी एक्जिम
192. शेठ पेट एंड पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
193. शिव एंटरप्राइजेज
194. शिव पेट
195. श्लोक केमिकल्स
196. श्री गणेश एंटरप्राइजेज
197. श्री नाकोडा पॉलीमर्स
198. श्रीनाथ रोटोपैक एमपी प्राइवेट लिमिटेड
199. श्रीनाथ रोटोपैक प्राइवेट लिमिटेड
200. सिबी पॉलीमर्स
201. सिद्दान ट्रेडर्स
202. सिद्धार्थ प्लास्ट
203. सिम पॉलिमर एलएलपी
204. सिम ट्रेड लिंक्स
205. एसजेआर प्लास्ट
206. स्काईडोम इंडस्ट्रीज
207. स्काईओन इंटरनेशनल
208. एसएनजे सिंथेटिक्स लिमिटेड
209. स्पैटलस एंटरप्राइज एलएलपी
210. श्री गोविंद पॉलीमर्स
211. श्री वेंकटेश्वर पॉलीमर्स
212. स्टारचेम पॉलीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड
213. स्टारलोन एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड
214. स्टील कंटेनर्स एलएलपी

215. सन पॉलीट्रेड एलएलपी
216. सनलार्ज फिलामेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
217. सनलार्ज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
218. सुपरफिल प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
219. सूर्य इम्पेक्स
220. स्वस्थयाना रसायन विज्ञान
221. स्वशापेट पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
222. ताराज्योत एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड
223. टॉपसैक एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
224. ट्राइकोन एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
225. ट्राइकोन एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
226. ट्रिलियन ग्लोबल ट्रेड एलएलपी
227. ट्रस्ट पॉलीमर
228. तुराखिया पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
229. यू डी कैप्स प्राइवेट लिमिटेड
230. यूफ्लेक्स लिमिटेड
231. यूनिफ़ाई टेक्सचराइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
232. यूनिवर्सल कॉर्पोरेशन
233. वैकमेट इंडिया लिमिटेड
234. वरुण बेवरेजेस लिमिटेड
235. वरुण बेवरेजेस लिमिटेड
236. वेरपैक प्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
237. विजिलेंट स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड
238. विनय प्लास्टिक
239. विनायक बेवरेजेस
240. विनी अग्रवाल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
241. विराट इम्पेक्स
242. विशाल बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड
243. वोल्स्टन इंडिया
244. वृद्धि पेट्रोकेमिकल्स

245. व्रीओन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

246. वीटन प्लास्टिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड

247. वाटरप्रूफ कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड

248. वाइसचॉइस एंटरप्राइजेज

249. यशपेट कंटेनर

viii. किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने आयातक या प्रयोक्ता प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर करके उत्तर नहीं दिया है।

ix. प्राधिकारी ने आवेदन के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति निम्नलिखित प्रयोक्ता संघों को भेजी है। किसी भी प्रयोक्ता संघ ने प्रतिक्रिया अथवा अनुरोध दायर नहीं किया है।

1. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ प्लास्टिक्स इंडस्ट्रीज
2. ऑल इंडिया प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन
3. ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन
4. फेडरेशन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)
5. एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम)
6. कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)

x. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया था कि वे सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर ईमेल करें।

xi. वर्तमान जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों जांच में 2021-22, 2022-23, 2023-24 और जांच की अवधि शामिल थी।

xii. क्षति अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयात का लेनदेन-वार विवरण प्रदान करने के लिए डीजी सिस्टम्स से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने आयात की मात्रा की गणना और लेनदेन की उचित

जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम आंकड़ों पर भरोसा किया है।

xiii. संबद्ध जांच की शुरुआत के बाद, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना सं. 39/2025 - सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 26 दिसंबर 2025 जारी की, जिसमें 26 जून 2026 को शामिल करते हुए उस अवधि में संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यात की गई संबद्ध वस्तुओं के आयात पर लागू शुल्कों का विस्तार किया गया।

xiv. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 7 जनवरी 2026 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। उन पक्षकारों से मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों को लिखित अनुरोध के रूप में और उसके बाद प्रत्युत्तर संबंधी अनुरोध प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था, जिन्होंने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए थे।

xv. इस जांच की प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों को, उस सीमा तक प्राधिकारी द्वारा वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में उपयुक्त रूप से विचार किया गया है, जिस सीमा तक उसके समर्थन में साक्ष्य था और उसे वर्तमान जांच में संगत माना गया था।

xvi. प्राधिकारी ने जांच की प्रक्रिया के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई जानकारी जो वर्तमान प्रकटन विवरण का आधार बनता है, की सटीकता के बारे में संभव सीमा तक अपने आप को संतुष्ट किया और सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों/दस्तावेजों का सत्यापन संगत, व्यावहारिक और आवश्यक मानी गई सीमा तक किया।

xvii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता आधार पर दी गई जानकारी की जांच गोपनीयता की पर्याप्तता के बारे में की गई संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के इन दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी जानकारी को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर जानकारी

प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई जानकारी का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने के निदेश दिए गए थे।

xviii. आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और नियमावली के अनुबंध-III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की इष्टतम लागत और बनाने और बेचने की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) का निर्धारण किया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

xix. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान पहुंच से इनकार कर दिया है या अन्यथा आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं की है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/टिप्पणियां दर्ज की हैं।

xx. प्राधिकारी ने जांच की प्रक्रिया के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई जानकारी जो वर्तमान जांच परिणाम का आधार बनता है, की सटीकता संबंध में संभव सीमा तक अपने आप को संतुष्ट किया और सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों/दस्तावेजों को संगत, व्यवहार्य और आवश्यक माने जाने की सीमा तक सत्यापित किया।

xxi. प्राधिकारी ने विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों वाले प्रकटन विवरण 24 फरवरी 2026 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की संगत समझी गई सीमा तक जांच की है। कोई भी अनुरोध जो केवल पिछले अनुरोधों की पुनरावृत्ति थी, और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

xxii. इन अंतिम जांच परिणामों में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई जानकारी और प्राधिकारी द्वारा इस नियमावली के अन्तर्गत वैसी मानी गई जानकारी का द्योतक है।

xxiii. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 85.43 रुपये है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

7. विचाराधीन उत्पाद के दायरे और समान वस्तु के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ग.2 घरेलू उद्योग के विचार

8. विचारधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. मूल जांच में प्राधिकारी द्वारा विचार किए गए उत्पाद दायरे को वर्तमान जांच के दायरे के लिए माना जा सकता है।

ii. घरेलू उद्योग ने विभिन्न चिपचिपाहट, रंग और पिघलने वाले बिंदुओं वाले उत्पाद के विभिन्न ग्रेड बेचे हैं। हालाँकि, ग्रेड में इस तरह के बदलाव से उत्पादन की लागत में कोई अत्यधिक परिवर्तन नहीं होता है और पीसीएन पद्धति की आवश्यकता नहीं होती है।

iii. मूल जांच में कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई गई थी।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

9. वर्तमान जांच की शुरुआत के समय, प्राधिकारी ने निम्नलिखित को विचाराधीन उत्पाद के दायरे के रूप में माना था।

"विचाराधीन उत्पाद वर्जिन बोतल-ग्रेड पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थालेट (पीईटी) रेजिन है, जिसे "0.72 डेसीलीटर प्रति ग्राम या उससे अधिक की आंतरिक

चिपचिपाहट वाला पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थालेट रेजिन" के रूप में परिभाषित किया गया है। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में पुन:चक्रित पीईटी रेजिन शामिल नहीं है। पीईटी रेजिन का उपयोग प्रीफॉर्म के निर्माण के लिए किया जाता है, जिन्हें बाद में खनिज जल, कार्बोनेटेड शीतल पेय, खाद्य तेल, दवा उत्पादों आदि के भंडारण के लिए पीईटी बोतलों और जार में परिवर्तित किया जाता है।"

10. यह भी नोट किया जाता है कि चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है, अत: विचाराधीन उत्पाद का दायरा पहले की गई जांच में यथा-परिभाषित क्षेत्र ही है। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए जाने को देखते हुए, प्राधिकारी ने समीक्षा के उद्देश्य से विचाराधीन उत्पाद पर विचार किया है, जैसा कि मूल जांच में किया गया था।

11. पीसीएन पद्धति पर अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि मूल जांच में कोई पीसीएन नहीं अपनाया गया था। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उसने अलग-अलग चिपचिपाहट, रंग और पिघलने के बिंदुओं वाली समान वस्तुओं की अलग-अलग बेचे हैं। हालाँकि, ग्रेड में परिवर्तन के फलस्वरूप लागत में बहुत अधिक परिवर्तन नहीं होता है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इसका खंडन नहीं किया है। इस प्रकार, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई है।

12. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद संबद्ध देशों से निर्यात की गई वस्तु के समान वस्तु हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद भौतिक और रासायनिक गुणों, प्रकार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और वस्तु के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। संबद्ध देशों से आयातित और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुएं तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और उपभोक्ताओं द्वारा इनका उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है। इसे देखते हुए, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद की समान वस्तु के रूप में माना जाता है।

13. विचाराधीन उत्पाद को सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 39 के उपशीर्ष 3907 के तहत वर्गीकृत किया गया है। संबद्ध वस्तुएं एचएस कोड 3907 61 10,

3907 61 90, 3907 69 30 और 3907 69 90 के तहत आयात की जा रही हैं। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

14. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और इसके आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए है:

i. आवेदक, आवेदन प्रोफार्मा और परिचालन प्रथाओं के मैनुअल द्वारा यथा-अपेक्षित क्षति अवधि में सभी देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात का विवरण प्रदान करने में विफल रहे हैं।

ii. आईवीएल धुनसेरी और इंडोरामा ने अन्य देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है और उसी की जांच की जा सकती है।

iii. संबद्ध देश से आईवीएल धुनसेरी द्वारा किए गए आयात के संबंध में हस्ताक्षरित घोषणा प्रदान नहीं की गई है।

iv. इंडोरामा और आईवीएल धुनसेरी को घरेलू उद्योग के हिस्से के रूप में शामिल करना अनुचित है क्योंकि वे चीन में एक निर्माता से संबद्ध हैं।

v. जबकि मिनोचा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को एक घरेलू उत्पादक के रूप में पहचाना गया है, इसके उत्पादन को कुल भारतीय उत्पादन की गणना के लिए नहीं माना गया है।

vi. एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो एक घरेलू उत्पादक है, जिसने अमेरिका में संबद्ध वस्तुओं से संबंधित जांच में भाग लिया है, को आवेदकों द्वारा घरेलू उत्पादक के रूप में नहीं माना गया है।

घ.2. घरेलू उद्योग के विचार

15. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और इसके आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए है:

i. आवेदकों ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु का आयात संबद्ध देश से नहीं किया है।

ii. आवेदकों ने प्रोफार्मा IV क में सभी स्रोतों से आयात का विवरण दिया है, जिससे पता चलता है कि किसी भी देश से कोई आयात नहीं होता है। इस संबंध में किसी विशिष्ट घोषणा की कोई आवश्यकता नहीं है।

iii. नियम 2 (ख) केवल कथित की गई वस्तु के आयातक की पात्रता पर सवाल उठाता है। इस प्रकार, अन्य देशों से आयात जांच के लिए असंगत है।

iv. आईवीएल धुनसेरी पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इंडोरामा यार्न प्राइवेट लिमिटेड, गुआंडोंग आईवीएल पीईटी पॉलिमर कंपनी लिमिटेड, , जो संबद्ध देश में संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक/निर्यातक है, से संबंधित है। हालाँकि, इसने जाँच की अवधि में भारत को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात नहीं किया है।

v. ग्वानडोंग आईवीएल पीईटी पॉलिमर कंपनी लिमिटेड से कोई निर्यात नहीं होने के कारण, यह पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) के तहत एक निर्यातक नही होता है और आईवीएल धुनसेरी और इंडोरामा को अयोग्य नहीं माना जा सकता है।

vi. पाटनरोधी नियमावली का नियम 5 नियम 23 के तहत निर्णायक समीक्षा पर लागू नहीं होता है और वर्तमान मामले में आधार सिद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसे नुकसान पहुंचाए बिना भारतीय उत्पादन की गणना उपयुक्त रूप से की गई है।

vii. एस्टर इंडस्ट्रीज भारत में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक नहीं है। इस संबंध में कंपनी द्वारा घोषणा उपलब्ध कराई गई है।

viii. टंकण संबंधी त्रुटि के कारण, एमईपीएल का आवेदन में गलत तरीके से मिनोचा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के रूप में उल्लेख किया गया था। यह स्पष्ट किया जाता है कि एमईपीएल मेडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड है, जिसने जांच का समर्थन किया है, और इसके उत्पादन को कुल भारतीय उत्पादन में माना गया है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

16. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

> *"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

17. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच की शुरुआत के लिए आवेदन आईवीएल पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ("आईवीएल पेट्रोकेम"), इंडोरामा यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड ("इंडोरामा") और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("आरआईएल") द्वारा दायर किया गया था। आवेदकों ने अनुरोध किया है कि भारत में संबद्ध वस्तुओं के अन्य घरेलू उत्पादक हैं, अर्थात् चिरीपाल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड, जिंदल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड, मैडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ("एमईपीएल"), सुमिलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यूफ्लेक्स लिमिटेड। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उपरोक्त में से, एमईपीएल ने वर्तमान जांच का समर्थन किया है। इसके अलावा, एमईपीएल और चिरीपाल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड के उत्पादन की जानकारी बाजार अनुमानों के अनुसार आवेदन में प्रदान की गई थी। हालांकि, एमईपीएल ने जांच शुरू होने के बाद अपना समर्थन पत्र प्रदान किया। प्राधिकारी ने कुल भारतीय उत्पादन के निर्धारण के लिए एमईपीएल के उत्पादन को उसके वास्तविक उत्पादन के रूप में माना है।

18. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है। इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आईवीएल पेट्रोकेम और इंडोरामा ने संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है। हालाँकि, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा ऐसे आयात के संबंध में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है। आवेदकों ने हितबद्ध पक्षकारों के तर्क का खंडन किया है। प्राधिकारी ने इस संबंध में डीजी सिस्टम आंकड़ों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि आईवीएल पेट्रोकेम और इंडोरामा ने संबद्ध देश से विचाराधीन

उत्पाद का आयात नहीं किया है। इसके अलावा, आवेदक कथित रूप से पाटित वस्तु के किसी आयातक अथवा निर्यातक से संबद्ध नहीं है।

19. इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आईवीएल पेट्रोकेम और इंडोरामा चीन में विचाराधीन उत्पाद के एक उत्पादक, अर्थात् गुआंडोंग आईवीएल पीईटी पॉलीमर कंपनी लिमिटेड से संबद्ध हैं। आवेदकों ने दावा किया है कि संबद्ध निर्यातक ने जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद का भारत को निर्यात नहीं किया है। इस तथ्य पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा खंडन नहीं किया गया है,यद्यपि उनका दावा है कि आईवीएल पेट्रोकेम और इंडोरामा को घरेलू उद्योग होने के लिए अपात्र माना जाए। प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम आंकड़ों की भी जांच की है और नोट किया है कि गुआंडोंग आईवीएल पीईटी पॉलीमर कंपनी लिमिटेड द्वारा विचाराधीन उत्पाद का कोई निर्यात नहीं हुआ है। इसलिए, आईवीएल पेट्रोकेम और इंडोरामा को पाटन की गई वस्तु के निर्यातक से संबद्ध नहीं माना जा सकता है। आगे यह भी नोट किया जाता है कि मूल जांच में प्राधिकारी ने आईवीएल पेट्रोकेम को घरेलू उद्योग होने के लिए पात्र माना था, भले ही संबद्ध निर्यातक ने बहुत कम मात्रा में निर्यात किया था। उपर्युक्त को देखते हुए, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि आवेदक घरेलू उद्योग होने लिए पात्र हैं।

20. हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि आवेदकों ने एस्टर इंडस्ट्रीज और मिनोचा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादन पर विचार नहीं किया है। इस संबंध में, हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया कि आवेदकों ने स्वयं मिनोचा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादक के रूप में पहचाना लेकिन इसके उत्पादन को कुल उत्पादन में नहीं माना। आवेदकों ने स्पष्ट किया है कि त्रुटि के कारण, अनुबंध 1.7 में घरेलू उत्पादकों की सूची में मैडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (एमईपीएल) को मिनोचा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (एमईपीएल) के रूप में लिखा गया था। हालाँकि, भारतीय उत्पादन के निर्धारण में एमईपीएल के उत्पादन पर विचार किया गया था। इसके अलावा, एमईपीएल, यानी मैडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने भी समीक्षा के अनुरोध का समर्थन करते हुए पत्र दायर किया है।

21. जहां तक एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का संबंध है, हितबद्ध पक्षकारों ने अमेरिकी जांच प्राधिकारी द्वारा की गई जांच पर भरोसा किया है, जिसमें उत्पादक को शुल्क की अलग अलग दर दी गई थी। हालांकि, घरेलू उद्योग ने एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड से

एक प्रमाण पत्र प्रदान किया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि वे वर्तमान उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन नहीं करते हैं, अर्थात 0.72 डेसीलीटर से अधिक आंतरिक चिपचिपाहट वाला बोतल-ग्रेड पीईटी रेजिन। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा जांच का दायरा बहुत व्यापक था, जैसा कि नीचे परिभाषित किया गया है।

> *"इन आदेशों में शामिल मर्कन्डाइज कम से कम 0.70 और अधिकतम 0.88 डेसीलीटर प्रति ग्राम के अंतर्निहित चिपचिपाहट वाला पीईटी रेजिन है। इस क्षेत्र में वजन से 50 प्रतिशत या उससे अधिक वर्जिन पीईटी रेजिन मात्रा वाले वर्जिन पीईटी रेजिन और पुन:चक्रित पीईसी रेजिन के मिश्रण शामिल हैं, बशर्ते ऐसे मिश्रण उपरोक्त आंतरिक चिपचिपाहट आवश्यकताओं को पूरा करते हों। क्षेत्र में विनिर्माण प्रक्रिया में उपयोग किए गए योजकों की परवाह किए बिना उपरोक्त विशिष्टताओं को पूरा करने वाले सभी पीईटी रेजिन शामिल हैं।"*

22. इस प्रकार, अमेरिकी अधिकारियों द्वारा जांच का दायरा बोतल-ग्रेड पीईटी रेजिन तक ही सीमित नहीं था। इसके अलावा, इसमें वर्जिन और पुन:चक्र पीईटी रेजिन के मिश्रण भी शामिल थे, जबकि वर्तमान समीक्षा केवल वर्जिन पीईटी रेजिन से संबंधित है। इसलिए, एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा स्वयं स्पष्टीकरण दिए जाने के कारण, अमेरिकी जांच में भागीदारी से कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

23. उपर्युक्त को देखते हुए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों के अलावा, संबद्ध वस्तुएं चिरिपाल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड, मैडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, सुमिलोन इंडस्ट्रीज और यूफ्लेक्स लिमिटेड द्वारा उत्पादित की जा रही हैं। कुल उत्पादन में आवेदकों की हिस्सेदारी नीचे दी गई है।

विवरण	इकाई	उत्पादन (पीओआई)	कुल उत्पादन में हिस्सा
आवेदक	**एमटी**	***	**80-90%**
अन्य उत्पादक	एमटी	***	**10-20%**
चिरिपाल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड	एमटी	***	**%**

मैडेलिन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड	एमटी	***	**%
सुमिलोन इंडस्ट्रीज	एमटी	***	**%
यूफ्लेक्स लिमिटेड	एमटी	***	**%
कुल भारतीय उत्पादन	एमटी	**19,33,103**	

24. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का एक प्रमुख हिस्सा, अर्थात 80-90% है। उपरोक्त को देखते हुए, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग हैं।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

25. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए है।

i. घरेलू उद्योग ने उपयोग की गई आयात सूचना के स्रोत के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

ii. अन्य घरेलू उत्पादकों के विवरण और उत्पादन का विवरण नहीं दिया गया है। इसके अलावा, इसके उत्पादन के लिए सूचना के स्रोत को प्रकट नहीं किया गया है।

iii. निर्यात कीमत के लिए दावा किए गए समायोजन के साक्ष्य घरेलू उद्योग द्वारा प्रकट नहीं किए गए हैं।

iv. सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन का विवरण गोपनीय होने का दावा किया गया है।

v. कर्मचारियों की संख्या; लाभ/हानि, नियोजित पूंजी पर प्रतिफल और निवल बिक्री कीमत का दायरा, लागत के तत्व और कच्चे माल का नाम और वार्षिक रिपोर्ट जैसी लागत संबंधी जानकारी घरेलू उद्योग द्वारा प्रकट नहीं की गई है।

vi. अगोपनीय रूपांतर गोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति नहीं है, जैसा कि विशेष रूप से पृष्ठों की समान संख्या होने के संबंध में व्यापार नोटिस 1/2013 के तहत आवश्यक है।

vii. आवेदन के भाग के रूप में सही प्रमाण पत्र और कानूनी प्रतिनिधि द्वारा घोषणा प्रदान नहीं की गई है।

viii. जांच जारी है और जांच की प्रक्रिया के दौरान पक्षकार गोपनीयता सहित सभी पहलुओं पर अपने अनुरोध करने के हकदार हैं। घरेलू उद्योग समय की समाप्ति के बहाने सार्थक प्रकटीकरण प्रदान करने के अपने दायित्व से खुद को मुक्त नहीं कर सकता है।

ix. घरेलू उद्योग ने कई दस्तावेजों के अगोपनीय रूपांतरों का पूरा विवरण नहीं दिया है और वास्तविक जानकारी नहीं है, जिससे वानकाई को प्रभावी टिप्पणियां करने से रोका गया है।

x. जो जानकारी सार्थक तरीके से प्रकट नहीं की गई है, उसके आधार पर वानकाई के खिलाफ कोई प्रतिकूल अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

ड.2. घरेलू उद्योग के विचार

26. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. वांकाई ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर के भाग-II में 2018 से 2024 तक क्षमता, उत्पादन और घरेलू बिक्री, निर्यात और मालसूची के विवरण के लिए अनुक्रमित आंकड़े प्रदान नहीं किए हैं।

ii. अत्यधिक गोपनीयता के दावे केवल मौखिक सुनवाई के समय ही किए गए हैं। जांच की शुरुआत संबंधी अधिसूचना में प्रदान की गई 7 दिनों की समय सीमा पर विचार करते हुए ऐसे दावे बहुत देर से किए गए हैं।

iii. विचार की गई बाजार आसूचना जानकारी के स्रोत को व्यापार सूचना 10/2018 के तहत प्रकट किया जाना अपेक्षित नहीं है। घरेलू उद्योग ने आयात का सारांश प्रकट किया है।

iv. अन्य घरेलू उत्पादकों का विवरण अनुलग्नक 1.7 में दिया गया है।

v. अन्य उत्पादकों के उत्पादन विवरण और समुद्री माल भाड़े के साक्ष्य पर विचार किया जाता है, जो तीसरे पक्षकार की जानकारी है, जिसे घरेलू उद्योग प्रकट करने के लिए अधिकृत नहीं है। हालाँकि, घरेलू उद्योग ने वास्तविक कुल भारतीय उत्पादन और घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी की सीमा के बारे में बताया है।

vi. विचाराधीन समुद्री माल का प्रकटन किया गया है। ऐसा कोई आरोप नहीं है कि दावा किया गया समुद्री माल भाड़ा अत्यधिक है।

vii. निर्यात कीमत में अन्य समायोजन प्राधिकारी की सतत परिपाटी के अनुसार किए गए हैं।

viii. व्यापार सूचना की आवश्यकताओं के अनुसार सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन का प्रकटन सीमा में किया गया है। चूंकि सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर आधारित है, इसलिए वास्तविक आंकड़े प्रकट नहीं किए जा सकते हैं। गोपनीयता के दावे को आवेदन में उचित रूप से सही ठहराया गया है।

ix. कर्मचारियों की संख्या प्रवृत्ति में बताई गई थी, और गोपनीयता के कारणों को विधिवत उचित ठहराया गया था। हितबद्ध पक्षकारों के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है क्योंकि उनका कोई भी तर्क कर्मचारियों की संख्या पर आधारित नहीं है।

x. लाभ और हानि, नियोजित पूंजी पर प्रतिफल और बिक्री कीमत को अनुक्रमित रूप में उपलब्ध कराया गया है, जैसा कि व्यापर सूचना 10/2018 के अनुसार आवश्यक है। उसे प्रवृत्ति के रूप में दिया जाना उचित नहीं है।

xi. लागत संबंधी जानकारी पर गोपनीयता के दावों को उचित ठहराया गया है और यह प्राधिकारी की परिपाटी के अनुरूप है। वांकाई ने स्वयं अपने परिशिष्टों को गोपनीय बताया है।

xii. कच्चे माल के नाम आवेदन में दिए गए हैं।

xiii. इंडोरामा यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट लिंक के रूप में उपलब्ध कराई गई है। आईवीएल धुनसेरी पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट में उत्पादकों की व्यवसाय संबंधी संवेदनशील जानकारी है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में दावा की गई गोपनीयता को आवेदन में उचित ठहराया गया है।

xiv. वांकाई समय पर अनुरोध करने में विफल रहा है कि अगोपनीय रूपांतर में गोपनीय रूपांतर के समान पृष्ठों की संख्या नहीं है। यदि अनुरोध समय पर किए गए होते, तो घरेलू उद्योग ने अगोपनीय रूपांतर को उचित रूप से संशोधित किया होता। इस स्तर पर उठाई गई टिप्पणियां केवल जांच में देरी करने के लिए हैं और वानकाई गोपनीय और अगोपनीय रूपांतर के विभिन्न पृष्ठ संख्याओं के कारण पूर्वाग्रह दिखाने में विफल रहे हैं।

xv. घरेलू उद्योग अनजाने में आवेदन के अगोपनीय रूपांतर में फॉर्मेट-एक्स और फॉर्मेट-वाई को शामिल करने से चूक गया है। वांकाई ने ऐसी चूक के कारण उसे कोई पूर्वाग्रह नहीं दिखाया है और उसने देर से ऐसा दावा किया है। अगर यह बहस समय पर उठाई गई होती तो घरेलू उद्योग ने इसे हल कर लिया होता।

xvi. यह पुष्टि की गई है कि अगोपनीय रूपांतर प्रमाणीकरण और पृष्ठ संख्या को छोड़कर गोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

27. सूचना की गोपनीयता के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"नियम 7. गोपनीय सूचना: "(1) नियम 6 के उप नियम (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय

मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

28. दिनांक 27 जनवरी 2026 के पत्र के माध्यम से इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध को देखते हुए, पक्षकारों को उचित प्रकटन करने या अपने गोपनीयता के दावों को सही ठहराने का निदेश दिया गया था। जांच में दोनों हितबद्ध पक्षकारों ने इन निदेशों की प्रतिक्रिया में आगे प्रकटन किया है। वान्काई ने निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर के भाग-II में 2018 से 2024 तक क्षमता, उत्पादन और घरेलू बिक्री, निर्यात और मालसूची के विवरण के लिए अनुक्रमित आंकड़े प्रदान किए हैं। घरेलू उद्योग ने निदेशों के उत्तर में समुद्री माल भाड़े के समायोजन के लिए भरोसा किए गए साक्ष्य का प्रकटन किया है। इसके अलावा, पृष्ठों की संख्या, सटीकता के प्रमाण पत्र और कानूनी प्रतिनिधि से प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन के अगोपनीय रूपांतर के गोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति नहीं होने के संबंध में विसंगति को हल किया गया था। घरेलू उद्योग ने भी पुष्टि की है कि भारतीय उत्पादकों के नाम और कच्चे माल के नाम पहले ही बताए जा चुके हैं। विरोधी पक्षकारों के शेष आरोपों के संबंध में गोपनीयता का दावा करने के संबंध में घरेलू उद्योग ने आगे औचित्य प्रदान किया है।

29. हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि उपयोग किए गए आयात आंकड़ों के स्रोत का प्रकटन किया ही जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों ने स्रोत को बाजार आसूचना के रूप में पहचाना है। हालाँकि, प्राधिकारी ने जांच की शुरुआत के चरण में या अपने निर्धारण में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर भरोसा नहीं

किया है। प्राधिकारी ने वर्तमान समीक्षा में अपने निर्धारण के लिए डीजी सिस्टम आंकड़ों पर भरोसा किया है।

30. हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि कुल भारतीय उत्पादन के लिए विचार किए गए अलग अलग उत्पादकों का उत्पादन नहीं बताया गया है। इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि आवेदकों ने गोपनीयता को उचित ठहराने के लिए सही कारण दिखाया है। आवेदकों ने स्पष्ट किया है कि अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन का प्रकटन के फलस्वरूप घरेलू उद्योग के उत्पादन का प्रकटन हो जाएगा। इसके बजाय, संपूर्ण भारतीय उद्योग के उत्पादन का प्रकटन किया गया है। इसके अलावा, आवेदकों और अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादन में हिस्सेदारी की सीमा प्रदान की गई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग में केवल दो उत्पादक शामिल थे। इसके अलावा, बाद के दो वर्षों के लिए भी, घरेलू उद्योग का बनने वाले तीन में से दो उत्पादक संबद्ध उत्पादक हैं। इस प्रकार, यदि वास्तविक आंकड़े बताए जाते हैं, तो यह अनिवार्य रूप से घरेलू उद्योग के घटकों के भीतर गोपनीय जानकारी के पारस्परिक प्रकटन का कारण बनेगा। हितबद्ध पक्षकारों ने यह नहीं दर्शाया है कि क्यों प्रदान की गई जानकारी उन्हें अपने हितों का बचाव करने की अनुमति देने के लिए अपर्याप्त है, या इससे व्यवसाय की संवेदनशील सूचना का प्रकटन नहीं होगा। इसे देखते हुए, इस संबंध में गोपनीयता का दावा स्वीकार किया जाता है।

31. प्राधिकारी ने आवेदकों में से एक आवेदक आईवीएल धुनसेरी पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की बिक्री कीमत, कर्मचारियों की संख्या, लाभ/हानि, नकद लाभ, निवेश पर प्रतिफल, लागत के तत्वों के साथ लागत संबंधी सूचना, बंद करने का विवरण और वित्तीय विवरणी, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, जैसे जानकारी के संबंध में घरेलू उद्योग के गोपनीयता के दावों की अनुमति दी है। इसी प्रकार, घरेलू उद्योग के उत्पादन लागत के तत्वों पर आधारित सामान्य मूल्य और उस पर व्युत्पन्न पाटन मार्जिन को वास्तविक आधार पर प्रकट नहीं किया जा सकता है। हालाँकि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने बिक्री कीमत, कर्मचारियों की संख्या, लाभ/हानि, नकद लाभ, अनुक्रमित आधार पर निवेश पर प्रतिफल के संबंध में जानकारी का प्रकटन किया है; और सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन को सीमा में प्रकट किया गया है। प्राधिकारी का मानना है कि यह जानकारी गोपनीय प्रकृति की है और वास्तविक आधार पर ऐसी जानकारी और दस्तावेज़ के प्रकटन से संबंधित पक्षकार पर

अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और प्रतिस्पर्धियों और विरोधी हितों वाले पक्षकारों को अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अन्य पक्षकारों द्वारा गैर-प्रकटन के कारण अपने हितों को हुए नुकान को नहीं दर्शाया है।

32. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की जांच ऐसे दावे की पर्याप्तता के संबंध की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावों को स्वीकार करते हैं, और ऐसी जानकारी गोपनीय मानी गई है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर जानकारी प्रदान करने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर दायर की गई जानकारी का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराएं। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील जानकारी को गोपनीय होने का दावा किया है और इसे उचित माना जाता है।

च. <u>विविध</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

33. अन्य हितबद्ध पक्षकार ने अनुरोध किया है कि याचिका में कमी है और अगोपनीय रूपांतर में आवश्यक साक्ष्य का अभाव है।

च.2 घरेलू उद्योग के विचार

34. घरेलू उद्योग ने उत्तर दिया है कि वानकाई आवेदन में किसी भी कमी को उजागर करने में विफल रहा है। किसी भी मामले में, प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत जानकारी की पर्याप्तता और सटीकता से संतुष्ट होने के बाद समीक्षा शुरू की गई थी।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

35. इस तर्क के संबंध में कि वर्तमान जांच रिकॉर्ड पर पर्याप्त सबूतों के बिना शुरू की गई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक ने शुल्कों के अभाव में पाटन और क्षति के जारी रहने की संभावना का दावा करते हुए एक विधिवत प्रमाणित आवेदन उपलब्ध कराया है। जांच शुरू करने के समय, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य

के आधार पर वर्तमान पाटनरोधी शुल्क के संबंध में निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करने की आवश्यकता के बारे में प्रथम दृष्टया स्वयं को संतुष्ट किया, जिसमें वर्तमान शुल्कों को समाप्त होने दिए जाने पर पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा उसके बार-बार होने की संभावना सिद्ध की गई थी। इसके अलावा, प्राधिकारी द्वारा जांच की शुरुआत के चरण में, प्रथम दृष्टया टिप्पणियों को विसिद्ध करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकॉर्ड पर कोई साक्ष्य नहीं रखा गया है।

छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

36. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि चीन के लिए अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15(क)(ii) के प्रावधान समाप्त हो गए हैं। चीन में प्रचलित घरेलू कीमतों और लागतों के आधार पर सामान्य मूल्य पर विचार किया ही जाना चाहिए।

ii. भले ही चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाए, लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के तहत प्रदान की गई वैकल्पिक विधियों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

iii. घरेलू उद्योग को एक उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की पहचान करना अपेक्षित है, और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसके बारे में सूचित किया जाना चाहिए।

iv. शेनयांग मात्सुशिता 2005 (181) ईएलटी 320 (एससी) में निर्णय के मद्देनज़र भारत में देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया जा सकता है

v. वांकाई ने प्राधिकारी द्वारा दी गई समय सीमा के अनुसार समय पर उत्तर दाखिल किया है।

vi. वांकाई ने अपनी लगभग सभी निर्यात बिक्री सीधे भारत को की है और केवल एक नगण्य मात्रा संबंधित व्यापारी/निर्यातक, अर्थात् वांकाई इंटरनेशनल के माध्यम से निर्यात की गई है। वांकाई ने किसी असंबद्ध व्यापारी/निर्यातक के माध्यम से संबद्ध वस्तुओं का निर्यात नहीं किया है जैसा कि आरोप लगाया गया है।

vii. वांकाई इंटरनेशनल द्वारा भारत को निर्यात की जाने वाली कुछ नगण्य मात्राओं को पहले वांकाई कर्मियों की ओर से की गई चूक के कारण भारत को निर्यात करने के बजाय अन्य देशों को निर्यात माना जाता था। यह मार्च 2023 में वानकाई इंटरनेशनल के हालिया निगमन और चूंकि व्यापारी सिंगापुर में स्थित है, के कारण था।

viii. संबंधित व्यापारी/निर्यातक, वानकाई इंटरनेशनल का उत्तर, उस तरीके से प्रस्तुत नही किया गया था, जिसके कारण उसे अस्वीकार करना पड़े।

ix. ट्रेलरों के लिए पेंटाएरिथ्रिटोल और एक्सल के घरेलू उद्योग द्वारा विश्वास किए गए जांच पिरणाम अलग-अलग तथ्यों पर आधारित हैं, और एक ऐसी स्थिति से संबंधित हैं जहां प्राथमिक निर्यातक ने समय पर भाग नहीं लिया था।

x. चूंकि प्राधिकारी ने 7 महीने की देरी के बाद आमेलन विरोधी जांच को स्वीकार कर लिया था, इसलिए उत्तर दाखिल करने में केवल 2 महीने की वर्तमान देरी को माफ किया जाना चाहिए।

xi. उत्तर दाखिल करने में देरी न तो इरादातन और न ही सोची-समझी थी, और यह कि ऐसी नगण्य मात्रा को शामिल करने और शामिल नहीं करने का निर्यात की कीमतों पर कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ता है।

xii. चूंकि जांच चल रही है और संगत तथ्य सामने आ रहे हैं, इसलिए सुनवाई के बाद वानकाई इंटरनेशनल द्वारा दायर किए गए उत्तर से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

xiii. वांकाई द्वारा कुल निर्यात की तुलना में भारत को निर्यात नगण्य हैं और गैर-प्रकटीकरण न तो इरादतन है और न ही जानबूझकर किया गया है। सूचित न

किए गए निर्यात लेनदेन नगण्य हैं और निर्धारण को बाधित नहीं करते हैं, जैसा कि कैप्रोलेक्टम, ब्लैक टोनर, फेनोल, पॉलीप्रोपाइलीन और विट्रिफाइड टाइल्स के मामले में प्राधिकारी के पिछले जांच परिणामें में माना गया है।

xiv. वांकाई पर लागू शुल्क का निर्धारण उसके पाटन मार्जिन के अनुसार किया जाएगा, न कि यह कि शुल्क कमतर है या नहीं।

xv. पाटन मार्जिन का निर्धारण उचित अनुमान लगाने का अभ्यास है और गणितीय सटीकता पर आधारित नहीं है।

xvi. घरेलू उद्योग के अनुरोध से पता चलता है कि वानकाई द्वारा सभी तरीकों से निर्यात को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विपरीत, पाटनरोधी जांच का उद्देश्य निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बहाल करना है।

xvii. असंबद्ध व्यापारियों के माध्यम से निर्यात के संबंध में इसी तरह के आरोप पहले के आमेलन विरोधी जांच में लगाए गए थे, और प्राधिकारी द्वारा जांच की गई और खारिज कर दी गई थी। वर्तमान समीक्षा में फिर से वही मुद्दे उठाने का कोई औचित्य नहीं है।

xviii. प्राधिकारी वानकाई द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों का ऑन-साइट सत्यापन कर सकते हैं।

xix. घरेलू उद्योग ने अप्रत्यक्ष आयात के स्रोत या पूर्ण विवरण का खुलासा नहीं किया है। इस प्रकार, वानकाई को सार्थक टिप्पणियां करने से रोका जाता है, और जब तक प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार जानकारी का प्रकटन नहीं किया जाता है, तब तक कोई प्रतिकूल अनुमान नहीं लगाया जाना चाहिए।

xx. घरेलू उद्योग ने ऐसे आंकड़ों के स्रोत या संबंधित कीमतों का खुलासा किए बिना, संबद्ध व्यापारियों के माध्यम से कथित निर्यात के बारे में केवल चुनिंदा जानकारी प्रदान की है। चूँकि पाटन निर्धारण कीमतों पर और न कि केवल मात्रा पर आधारित है, कीमत की जानकारी के प्रकटन के अभाव में, घरेलू उद्योग के आरोप अप्रमाणित हैं।

xxi. घरेलू उद्योग द्वारा कीमतों का प्रकटन नहीं करने का तथ्य यह दर्शाता है कि कथित अप्रत्यक्ष निर्यात की कीमतें वांकाई के निर्यात कीमत के बराबर या उससे अधिक हैं।

xxii. वांकाई का अनुरोध है कि यह व्यापारियों के माध्यम से निर्यात को छिपाना इसके हित में नहीं होगा, क्योंकि ऐसे आचरण के फलस्वरूप अलग अलग माना जाना स्वीकार नहीं किया जा सकेगा और उच्चतर अथवा अवशिष्ट शुल्क माना जा सकता है और लगाया जा सकता है।

xxiii. चूंकि आमेलन-विरोधी जांच में इस मुद्दे की पहले ही पहचान हो चुकी थी, इसलिए यह सुझाव देना अतार्किक है कि वानकाई वर्तमान निर्णायक समीक्षा के लंबित रहने के दौरान व्यापारियों के माध्यम से कथित निर्यात में फिर से शामिल होंगे।

xxiv. राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा असंबद्ध नहीं होने वाले व्यापारियों के माध्यम से कथित आयात की जांच पहले ही शुरू कर दी गई है, जिससे उचित समय पर वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा।

xxv. वांकाई इस आरोप से इनकार करता है कि आयात की मात्रा और लागू शुल्क के विश्लेषण से पता चलेगा कि आयात का प्रमुख हिस्सा वांकाई पर लागू शुल्क के आधार पर मंजूरी दी गई है।

xxvi. घरेलू उद्योग द्वारा ग्रेड विवरण और नमूना आंकड़ों पर रखी गई निर्भरता के संबंध में, वानकाई का कहना है कि ग्रेड जानकारी सार्वजनिक क्षेत्र में है और केवल ग्रेड का वर्णन निर्माता की पहचान को निर्णायक रूप से सिद्ध नहीं करता है।

xxvii. वांकाई का भारतीय सीमा शुल्क को तीसरे पक्षकार के आयातकों द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसमें मूलता का प्रमाण पत्र या पैकेजिंग विवरण शामिल हैं।

xxviii. फोटोग्राफिक और वीडियोग्राफिक साक्ष्य, और मूलता का प्रमाण पत्र वानकाई के साथ साझा नहीं किए गए हैं।

xxix. चूंकि मूलता का प्रमाण पत्र वानकाई द्वारा जारी नहीं किया गया है, इसलिए इसमें दी गई जानकारी के लिए इसे जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता है।

xxx. चूंकि भारत को निर्यात के 100% को कवर करने वाली प्रतिक्रियाएं प्रदान की गई हैं, इसलिए ऑपरेटिंग प्रैक्टिसेस के मैनुअल की आवश्यकता का अनुपालन किया गया है, और घरेलू उद्योग द्वारा भरोसा किए गए मामले लागू नहीं हैं।

छ.2 घरेलू उद्योग के विचार

37. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं।

i. चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए। 11 दिसंबर 2016 को, केवल अनुच्छेद 15(क)(ii) के प्रावधान समाप्त हो गए, और अनुच्छेद 15(क)(i) के प्रावधान लागू बने हुए हैं, जो चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जा सकता है।

ii. प्राधिकारी ने 2016 के बाद हाल के सभी जांच परिणामों में चीन को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर रूप से माना है,

iii. विदेशी उत्पादकों की यह प्रदर्शित करने में विफलता को देखते हुए कि वे बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों के तहत काम कर रहे हैं, सामान्य मूल्य पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।

iv. हितबद्ध पक्षकार यह दर्शाने में विफल रहे हैं कि घरेलू उद्योग को एक उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का प्रस्ताव करने की आवश्यकता है। अन्य हितबद्ध पक्षकार भी समान रूप से प्रस्ताव करने के लिए स्वतंत्र हैं।

v. घरेलू उद्योग ने उचित रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। तीसरे देशों में कीमतों और लागतों के संबंध में जानकारी इसके लिए उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, उत्पाद का कोई विशिष्ट प्रशुल्क कोड नहीं है।

vi. हितबद्ध पक्षकार यह दर्शाने में विफ़ल रहे हैं कि वैकल्पिक जानकारी उपलब्ध थी, जो घरेलू उद्योग प्रदान कर सकता था।

vii. शेनयांग मात्सुशिता एस. बैटरी कंपनी लिमिटेड बनाम एक्साइड इंडस्ट्रीज के निर्णय पर निर्भरता उचित नहीं है, क्योंकि यह पाटनरोधी नियमावली के पैरा 8 के तहत बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति के निर्धारण से संबंधित है।

viii. वांकाई को दिया गया अलग अलग शुल्क मात्रा वापस लिया ही जाना चाहिए। इसने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है जिससे अपूर्ण मूल्य श्रृंखला उपलब्ध नहीं है।

ix. जांच की शुरुआत संबंधी अधिसूचना के तहत निर्धारित 30 दिनों की समय सीमा को देखते हुए वानकाई द्वारा दायर किया उत्तर विलंबित है।

x. वानकाई इंटरनेशनल पीटीई लिमिटेड द्वारा दायर प्रतिक्रिया समय सीमा के 68 दिन बाद दायर की गई है। जानकारी में देरी हुई है और इसे नजरअंदाज किया ही जाना चाहिए, जैसा कि ट्रेलर के लिए पेंटेएरिथ्रिटोल और एक्सल की जांच में किया गया था।

xi. वांकाई इंटरनेशनल पीटीई लिमिटेड द्वारा दायर उत्तर स्वेच्छा से नहीं किया गया था और मौखिक सुनवाई के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों के बाद ही दायर किए गए थे। वांकाई इंटरनेशनल द्वारा दायर उत्तर के बाद भी, अधिकांश निर्यात के लिए व्यापारियों ने कोई उत्तर दायर नहीं किए है। इस प्रकार, पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए आवश्यक जानकारी प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध नहीं है।

xii. सिर्फ इसलिए कि वानकाई इंटरनेशनल एक नई कंपनी है, इसका मतलब यह नहीं है कि इकाई द्वारा किए गए निर्यात पर ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

xiii. हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, पाटन मार्जिन का निर्धारण उचित अनुमान का अभ्यास नहीं है। इस तरह का बयान पक्षकार द्वारा अपनी ही चूक की गंभीरता को कम आंकने का प्रयास है। इसके अलावा, इस तरह के बयान से पता चलता है कि कोई भी उत्पादक सत्यापन योग्य साक्ष्य द्वारा समर्थित सटीकता के अत्यंत निम्न मानक का पालन करके अलग अलग शुल्क दर का दावा कर सकता है। यह प्राधिकारी को सटीक और सत्यापन

योग्य जानकारी प्रदान करने के लिए घरेलू उत्पादकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रयासों को कमजोर करता है।

xiv. भले ही घरेलू उद्योग ने 4 दिसंबर 2025 के अनुरोधों के माध्यम से वानकाई इंटरनेशनल द्वारा निर्यात के तथ्य पर प्रकाश डाला, लेकिन निर्यातक ने कोई उत्तर नहीं दिया। इसके बजाय, वानकाई ने दावा करना जारी रखा कि उसने केवल सीधे निर्यात किया था।

xv. चूंकि एक संबद्ध निर्यातक ने समय पर उत्तर दाखिल नहीं किया था, इसलिए वानकाई पर अलग अलग शुल्क दर नहीं दी जा सकती है। यह परिचालन परिपाटियों के मैनुअल में बताए गए रुख और मेट कोक के मामले में हाल के प्रारंभिक जांच परिणाम में लिए गए दृष्टिकोण के अनुरूप है।

xvi. वांकाई के दावों के विपरीत, संबंधित निर्यातक के माध्यम से एक छोटी मात्रा का निर्यात किए जाने पर भी उत्तर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जहां तक वानकाई द्वारा भरोसा किए गए जांच परिणामों का संबंध है, वहीं असंबद्ध निर्यातकों द्वारा असहयोग की स्थिति से संबंधित हैं, न कि संबंधित निर्यातकों से।

xvii. वांकाई उत्पादों के निर्यात का केवल 36% प्रत्यक्ष निर्यात है। शेष 66% निर्यात असंबद्ध व्यापारियों द्वारा किया गया है, जिन्होंने भाग नहीं लिया है। इस प्रकार, वानकाई की प्रतिक्रिया को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

xviii. आयात के उत्पाद विवरण में न केवल वानकाई के ग्रेड नाम का उल्लेख किया गया है, बल्कि उत्पादों के निर्माता के रूप में वानकाई की स्पष्ट पहचान भी की गई है।

xix. सीमा शुल्क अधिकारियों ने ऐसे आयातित उत्पादों को वानकाई द्वारा उत्पादित के रूप में मान्यता दी है और उसके बाद, कम पाटनरोधी शुल्क स्वीकार किया है।

xx. सीमा शुल्क मैनुअल में माल के आयात पर निर्माता का विवरण अनिवार्य रूप से प्रदान करने की आवश्यकता होती है, यदि उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगता है।

xxi. संबद्ध वस्तुओं पर पैकेजिंग मैटिरियल संबंधी निर्माता का नाम होता है।

xxii. ऐसे उत्पादों को कमतर पाटनरोधी शुल्क पर आयात किया गया है, सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा सत्यापन के बाद कि उनका उत्पादन वानकाई द्वारा किया गया है।

xxiii. निर्यात के लिए मूलता प्रमाण पत्र निर्माता की पहचान करता है, जैसा कि रिकॉर्ड पर साक्ष्य के रूप में प्रदान किए गए नमूना मूलता प्रमाण पत्र से देखा जाता है। इस प्रकार, प्राधिकारी को असहयोगी निर्यातकों द्वारा निर्यात किए गए लेनदेन के लिए मूलता प्रमाण पत्र की मांग करनी ही चाहिए, जिन्हें वानकाई पर लागू कमतर शुल्क पर मंजूरी दी गई है।

xxiv. चीन में मूलता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में चीनी अधिकारियों द्वारा निर्माता के रिकॉर्ड का सत्यापन शामिल है, जिसमें उनकी क्षमता, उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उत्पत्ति, तैयार उत्पाद आदि शामिल हैं। इसके अलावा, चीन में मूलता प्रमाण पत्र के लिए हालिया उपायों में निर्यातकों और निर्माताओं को प्रमाण पत्र जारी करने से तीन साल तक निर्यात वस्तुओं की उत्पत्ति साबित करने वाली सहायक सामग्री को बनाए रखने का भी आदेश दिया गया है।

xxv. दोनों देशों में सिद्ध प्रक्रियाओं और विनियमावली में निर्माताओं के विवरण को सत्यापित करने का आदेश दिया गया है, जिससे यह प्रदर्शित होता है कि माल वांकाई द्वारा उत्पादित किया गया था।

xxvi. वान्काई को अच्छी तरह से पता था कि इसके द्वारा उत्पादित सामान भारत को निर्यात किया जा रहा है।

xxvii. सामान्य व्यवसाय के दौरान भी, उत्पादों को कारखाने के परिसर में कंटेनरों में भर दिया जाता है और उत्पादक के संयंत्र से बंदरगाह तक ले जाया जाता है। इस प्रकार, वानकाई के लिए भारत को इसके निर्यातों के बारे में जानकारी न होना संभव नहीं है।

xxviii. चूंकि वांकाई को भारत को अपने सभी निर्यात की रिपोर्ट करना आवश्यक है, और उसको यह पता था कि उसके द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं को मूलता

प्रमाण पत्र के तहत निर्यात किया गया है, इसलिए उसे आयात के देश की पहचान करने और प्राधिकारी को पर्याप्त रूप से जानकारी देने का प्रयास करना चाहिए था।

xxix. वांकाई ने संबंधित निर्यातक के माध्यम से भी संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया था, लेकिन समय सीमा के 2 महीने बाद तक इस संबंध में जानकारी प्रदान करने में विफल रहा।

xxx. चूंकि असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से निर्यात, जिनकी रिपोर्ट नहीं की गई है, वानकाई से कुल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा होता है, इसलिए वानकाई को सहयोगी नहीं ही माना जाना चाहिए। यह प्रचालन परिपाटियों मैनुअल के अनुसार प्राधिकारी की स्थापित कार्य-पद्धति के अनुरूप है, और इंडोनेशिया और सिंगापुर से अनकोटेड कॉपियर पेपर, और बसों और ट्रकों के लिए रबड़ के नए न्यूमेटिक रेडियल टायर, ट्यूब और/या फ्लैप के साथ या बिना विभिन्न जांच परिणामों में देखा गया है।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

38. धारा 9क(1)(ग) के अनुसार, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

"i)व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

ii)जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री

और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

(ख)बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

39. प्राधिकारी नोट करते हैं कि केवल वानकाई न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड (वानकाई) ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि उत्तर समय सीमा के बाद दायर किया गया था। हालाँकि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विस्तारित समय के भीतर, 10 नवंबर 2025 को उत्तर दायर किया गया है। इसके अलावा, 13 जनवरी 2026 को, जो उत्तर प्रस्तुत करने की समय सीमा के बाद है, वानकाई ने अपने संबद्ध व्यापारी, वानकाई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के लिए उत्तर प्रस्तुत किया है।

छ.4 सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

छ.4.1 सामान्य मूल्य

40. विश्व व्यापार संगठन में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमावली के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

गैट 1994 के अनुच्छेद VI और पाटनरोधी करार के तहत मूल्य तुलनीयता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य जांच के तहत उद्योग के लिए या तो चीनी कीमतों या लागतों का उपयोग करेगा या एक ऐसी पद्धति जो

निम्नलिखित नियमावली के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों या लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii)आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण , उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

एससीएम करार के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के संगत प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय

कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

41. घरेलू उद्योग ने चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15(क)(i) को उद्धृत किया और उस पर विश्वास किया है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि चीन जन.गण. में उत्पादकों को यह दर्शाने के लिए कहा ही जाना चाहिए कि उनके उद्योग में विचाराधीन उत्पाद के निर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में सदृश्य उत्पाद का उत्पादन करते हुए, बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं। घरेलू उद्योग द्वारा यह कहा गया है कि यदि उत्तर देने वाले चीन के उत्पादक यह दर्शाने में सक्षम नहीं हैं कि उनकी लागत और कीमत सूचना बाजार से प्रेरित है, सामान्य मूल्य की गणना इस नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के संदर्भ में की जानी चाहिए। आवेदकों ने यह दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में देय कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए।

42. हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण चीन के लिए पैरा 7 के अनुसार किया जा सकता है, क्योंकि अनुच्छेद 15(क)(ii) में निहित प्रावधान की समय सीमा समाप्त हो गई है। यह नोट किया जाता है कि जबकि ऐसे प्रावधानों की समय सीमा समाप्त हो गई है, अभिगम नयाचार के 15(क)(i) के अंतर्गत दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जा का दावा करने संबंधी पूरक प्रश्नावली में दिए जाने के लिए सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने हेतु इस नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड की अपेक्षित होती है। इसके अलावा, एकमात्र भाग लेने वाला उत्पादक, वान्काई ने बाजार अर्थव्यवस्था माने जाने का दावा नहीं किया है। अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड, इसकी पूर्ति न किए जाने और बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने में निर्यातक की असफलता के आधार पर, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार की अनुमति वर्तमान मामले में नहीं दी जा सकती है।

43. तद्नुसार, इस नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है, जो इस प्रकार है:

> *" गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबद्ध पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक तर्कसंगत समयावधि प्रदान की जाएगी।"*

44. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह कहा है कि पैरा 7 के तहत दिए गए विकल्पों के अनुसार, सामान्य मूल्य निर्धारित किया ही जाना चाहिए। इस संबंध में यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग ने वैकल्पिक तरीकों का उपयोग करके सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए प्रयास नहीं किए हैं और सामान्य मूल्य की गणना के लिए एक उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की अन्य पक्षकारों की पहचान करना और उसे अधिसूचित करना अपेक्षित है।

45. यह नोट किया जाता है कि पैरा 7 सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए पदानुक्रम निर्धारित करता है और यह प्रावधान करता है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर किया जाएगा, या ऐसे तीसरे देश से किसी अन्य देश में कीमत, जिसमें भारत भी शामिल है, या जहां यह संभव नहीं है, किसी भी उचित आधार पर, जिसमें उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए आवश्यक रूप से समायोजित किया गया, भारत में समान वस्तु के लिए

वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत भी शामिल है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि उसके पास सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए वैकल्पिक आधार तक पहुंच नहीं थी, क्योंकि अन्य देशों में कीमतों और लागतों के बारे में जानकारी गोपनीय है। यह नोट किया जाता है कि जहां हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग को वैकल्पिक जानकारी प्रदान करनी चाहिए थी, वहीं उन्होंने स्वयं सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए कोई वैकल्पिक साधन नहीं सुझाया है। इसके अलावा, हितबद्ध पक्षकारों ने यह नहीं दर्शाया है कि वैकल्पिक जानकारी उपलब्ध थी जो घरेलू उद्योग प्रदान कर सकता था। चूंकि घरेलू उद्योग सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों ने रिकॉर्ड में कोई जानकारी नहीं दी है जो किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में मूल्य या निर्मित मूल्य के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने की अनुमति देगी, या भारत सहित अन्य देशों को तीसरे देश से निर्यात की कीमत का निर्धारण करेगी। तदनुसार, प्राधिकारी ने आवेदक के उत्पादन की लागत को ध्यान में रखते हुए भारत में देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है, जिसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों और उचित लाभों के लिए समायोजित किया गया है।

छ.4.2 निर्यात कीमत

वानकाई न्यू मैटेरियल्स कं. लि. के लिए निर्यात कीमत

46. प्रस्तुत किए गए उत्तर में, वानकाई न्यू मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड (वानकाई) ने दावा किया कि उसने भारत को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात केवल प्रत्यक्ष रूप से किया है। प्राधिकारी ने उसे एक अनुपूरक प्रश्नावली जारी की, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसके वितरण चैनल से संबंधित जानकारी मांगी गई। 29 दिसम्बर 2025 की अनुपूरक प्रश्नावली के उत्तर में, वानकाई ने यह बताया कि उसने भारत को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात केवल प्रत्यक्ष रूप से ही किया है। तथापि, इसके बाद मौखिक सुनवाई के पश्चात, और जब घरेलू उद्योग द्वारा इस ओर संकेत किया गया, तब 13 जनवरी 2026 के पत्र के माध्यम से वानकाई ने वानकाई इंटरनेशनल प्रा. लि. (वानकाई इंटरनेशनल पीटीई लि.) के संबंध में एक उत्तर प्रस्तुत किया। वानकाई ने दावा किया कि वानकाई के कार्मिकों ने कुछ भ्रम और अनदेखी के कारण वानकाई इंटरनेशनल को किए गए निर्यात की नगण्य मात्रा पर ध्यान नहीं दिया, विशेषकर इसलिए कि यह व्यापारी सिंगापुर में स्थित है और यह मार्च 2023 में ही निगमित हुआ था।

47. घरेलू उद्योग ने 4 दिसम्बर 2025 के पत्र के माध्यम से यह रेखांकित किया कि वानकाई अपनी सहायक कंपनी वानकाई इंटरनेशनल प्रा. लि. के संबंध में उत्तर प्रस्तुत करने में विफल रहा है, जो वानकाई द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं को भारत को निर्यात करने में शामिल है। अतः घरेलू उद्योग ने वानकाई द्वारा प्रस्तुत उत्तर को अस्वीकार करने का अनुरोध किया। इसके पश्चात, अपने लिखित अनुरोधों में घरेलू उद्योग ने इस बात पर जोर दिया कि वानकाई द्वारा प्रस्तुत उत्तर स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि भारत को किए गए निर्यात का लगभग 66% हिस्सा ऐसे व्यापारियों के माध्यम से है जिन्होंने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है। अपने तर्क के समर्थन में घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिन पर प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया है।

क. आयात आंकड़े जिनमें लेन-देन के विवरण हैं विशेष रूप से यह अभिज्ञात करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का विविनिर्माता वानकाई है। जैसा कि घरेलू उद्योग ने रेखांकित किया, आयात विवरण केवल ग्रेड नाम तक सीमित नहीं हैं, जैसा कि वानकाई ने दावा किया है, बल्कि विशेष रूप से यह संकेत करते हैं कि वानकाई ही विनिर्माता है।

ख. चीन काउंसिल फॉर द प्रमोशन ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड (सीसीपीआईटी) द्वारा जारी मूलता प्रमाण-पत्रों के नमूने, जो चीन के वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इन प्रमाण-पत्रों में दर्शाया गया है कि भारत को निर्यात की गई वस्तुओं का विनिर्माता वानकाई है। तथापि, इन वस्तुओं का निर्यात ऐसे निर्यातकों द्वारा किया गया है जिन्होंने वर्तमान जांच में सहयोग नहीं किया है।

ग. भारतीय सीमाशुल्क मैनुअल, जो यह दर्शाता है कि जहां ऐसे आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू होता है, वहां भारतीय सीमाशुल्क आयातित वस्तुओं के विनिर्माता का सत्यापन करता है।

घ. चीन में लागू वे विनियम (उपाय) जो मूलता प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। इन उपायों में यह प्रावधान है कि प्राधिकारी "*उत्पादन उपकरण, प्रक्रियाओं, सामग्री, पैकेजिंग, चिह्नों और अन्य मूलता-संबंधी जानकारी का स्थल निरीक्षण करके*" मूलता का सत्यापन कर सकते हैं।

48. प्राधिकारी ने भारत में विभिन्न निर्यातक पक्षकारों से किए गए आयातों पर प्रदत्त पाटनरोधी शुल्क की भी जांच की है। यह पाया गया है कि भारत में आयातित संबद्ध वस्तुओं को वानकाई पर लागू व्यक्तिगत शुल्क दर पर ही स्वीकृत किया जा रहा है।

इस संबंध में प्राधिकारी ने भारतीय सीमाशुल्क प्राधिकारियों से उपयुक्त पुष्टि भी मांगी है। प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों की भी जांच की है। यह पाया गया है कि जांच अवधि के दौरान वानकाई के नाम या वानकाई के ग्रेड नाम वाले अनेक सौदे मौजूद हैं। वास्तव में, जांच अवधि के दौरान कुल 1,447 सौदों में से 1,229 सौदे ऐसे हैं जिनमें वानकाई का ग्रेड नाम है या विशेष रूप से वानकाई का उल्लेख है अथवा वानकाई को विनिर्माता के रूप में पहचाना गया है। यह भी नोट किया गया है कि वानकाई के नाम या ग्रेड नाम वाले, किंतु असहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यात किए गए आयातों की मात्रा, वानकाई द्वारा किए गए कुल निर्यात का 65-75% बनती है।

49. वानकाई ने इन आरोपों से इनकार किया है और यह आग्रह किया है कि उसने संबद्ध वस्तु का निर्यात केवल प्रत्यक्ष रूप से तथा वानकाई इंटरनेशनल के माध्यम से ही किया है। इसके अतिरिक्त, वानकाई ने यह भी दावा किया कि चूंकि घरेलू उद्योग ने उपयोग किए गए आयात आंकड़ों तथा मूलता प्रमाण-पत्रों के स्रोत का खुलासा नहीं किया, इसलिए वह उन पर टिप्पणी करने से वंचित रहा है। वानकाई इस बात पर जोर देता रहा है कि व्यापारियों द्वारा उसके ग्रेड नाम के उपयोग पर, या उसके नाम पर मूलता प्रमाण-पत्र जारी कराने की मांग करने वाले पक्षकारों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है। वानकाई ने पूर्व समामेलन रोधी जांच तथा इस तथ्य पर अत्यधिक निर्भरता दिखाई है कि आयातों के संबंध में डीआरआई द्वारा जांच प्रारंभ की गई है। तथापि, वानकाई ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि उसे इन सौदे की जानकारी नहीं थी। उदाहरणार्थ, वानकाई ने भारतीय सीमाशुल्क कानून तथा चीन के उपायों के अंतर्गत लागू प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का खंडन नहीं किया है, जिन दोनों में यह आवश्यक है कि आयात सौदों में विनिर्माता की पहचान की जाए। वानकाई यह भी प्रदर्शित नहीं कर पाया है कि उसने उक्त सौदे के संबंध में तथ्यों का पता लगाने के लिए कोई प्रयास किया, ताकि सही तथ्यों को प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

50. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वानकाई ने यह दावा किया है कि असंबद्ध पक्षकारों के माध्यम से किए गए सौदे वर्तमान समीक्षा में उसके द्वारा निर्मित उत्पादों से संबंधित नहीं थे। तथापि, सीमा शुल्क प्राधिकारियों के समक्ष इन सौदों को वानकाई द्वारा निर्मित के रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकारी यह पाते हैं कि वानकाई और व्यापारी भारत में दो अलग-अलग प्राधिकारियों के समक्ष परस्पर विपरीत दृष्टिकोण नहीं अपना सकते हैं। चूंकि आयात के समय वस्तुओं को वानकाई द्वारा उत्पादित बताया गया था, और भारतीय सीमाशुल्क ने मूलता प्रमाण-पत्र या अन्य दस्तावेजों पर भरोसा करते हुए विधिवत सत्यापन के बाद वस्तुओं की निकासी की है,

इसलिए वर्तमान मामले में भिन्न दृष्टिकोण अपनाने का कोई कारण प्रस्तुत नहीं किया गया है। यदि वानकाई को इस मामले में विपरीत दृष्टिकोण अपनाने की अनुमति दी जाती है, तो इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी जिसमें पक्षकार अपने अधिकतम लाभ के आधार पर भारत के विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष अलग-अलग दृष्टिकोण अपना सकेंगे।

51. प्राधिकारी विशेष रूप से यह नोट करते हैं कि मूलता प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए उत्पाद के स्रोत या विनिर्माता की पहचान आवश्यक होती है। इसके अतिरिक्त, विनिर्माता के रिकार्डों का सत्यापन भी किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन वस्तुओं को निर्यातक देश के मूल का बताया जा रहा है वे वास्तव में वहीं निर्मित हुई हैं, न कि केवल व्यापार या ट्रांस-शिपमेंट के माध्यम से भेजी गई हैं। घरेलू उद्योग द्वारा रिकॉर्ड में रखे गए विनियम यह दर्शाते हैं कि चीन में जारी करने वाले प्राधिकारी विनिर्माता के परिसर का स्थल निरीक्षण कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में, मूलता प्रमाण-पत्र चीन काउंसिल फॉर द प्रमोशन ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड (सीसीपीआईटी) द्वारा जारी किए गए हैं, जो चीन के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन है। चूंकि जारी करने वाले प्राधिकारी सीसीपीआईअी ने यह प्रमाण-पत्र जारी किया है जिसमें यह पुष्टि की गई है कि निर्यातित उत्पाद का विनिर्माता वानकाई है, इसलिए प्राधिकारी को वानकाई का यह तर्क कि उसने इन वस्तुओं का विनिर्माण नहीं किया, स्वीकार्य नहीं लगता। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस संबंध में वह चीन के नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण-पत्रों पर भरोसा करेंगे, ताकि यह पुष्टि की जा सके कि वानकाई द्वारा निर्मित वस्तुओं का निर्यात वास्तव में अन्य पक्षकारों द्वारा भारत को किया गया है।

52. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए मूलता प्रमाण-पत्रों का डीजी सिस्टम्स के साथ भी मिलान किया। यह पाया गया कि प्रमाण-पत्र संख्या *** बीजक संख्या *** दिनांक *** के संबंध में जारी किया गया था। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ऐसे बीजक को एचएस कोड 39076990 के अंतर्गत, बिल ऑफ एंट्री संख्या *** दिनांक *** के माध्यम से क्लीयर किया गया है। आयातित उत्पाद का **विवरण** "***" के रूप में दर्ज है। प्राधिकारी ने ऐसे आयात सौदों पर चुकाए गए पाटनरोधी शुल्क की भी जांच की और पाया कि आयात के चरण पर वानकाई पर लागू पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार, प्रमाण-पत्र संख्या *** बीजक संख्या *** दिनांक *** के संबंध में जारी किया गया था। ऐसे बीजक को एचएस कोड 39076990 के अंतर्गत, बिल ऑफ एंट्री *** दिनांक *** के माध्यम से निकासी की गई है, जिस पर वानकाई पर लागू पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किया गया। आयातित उत्पाद का विवरण "***" के रूप में दर्ज है। इससे यह प्रदर्शित होता

है कि वानकाई के नाम पर जारी मूलता प्रमाण-पत्रों के अंतर्गत आयातित वस्तुएं वास्तव में भारत में आयात की गई हैं, और उनकी वानकाई पर लागू कम शुल्क दर के अंतर्गत निकासी की गई है।

53. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वानकाई ने प्रारंभ में किसी भी व्यापारी के माध्यम से निर्यात करने से पूर्णतः इनकार किया था। तथापि, जब मौखिक सुनवाई के दौरान निर्यात का तथ्य उजागर किया गया, तब उसने संबद्ध व्यापारी वानकाई इंटरनेशनल के लिए एक उत्तर प्रस्तुत किया। वानकाई इस विलंब को यह बताते हुए महत्वहीन बताता है कि यह एक चल रही जांच है और जांच की प्रगति के साथ संगत तथ्य सामने आते हैं। तथापि, घरेलू उद्योग पहले ही 4 दिसम्बर 2025 के पत्र के माध्यम से वानकाई इंटरनेशनल के माध्यम से निर्यात के तथ्य को रेखांकित कर चुका था। वानकाई द्वारा प्रस्तुत अनुरोध यह स्पष्ट नहीं करते हैं कि घरेलू उद्योग के अनुरोध का अवलोकन करने के बाद उसने वानकाई इंटरनेशनल के लिए उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति प्राधिकारी से क्यों नहीं मांगी। इसके विपरीत, 29 दिसम्बर 2025 की अनुपूरक प्रश्नावली के उत्तर में भी वानकाई ने यह बनाए रखा कि उसने किसी तीसरे पक्षकार को निर्यात नहीं किया है। दो महीने से अधिक की अतिरिक्त देरी के लिए वानकाई ने कहीं भी कोई औचित्य प्रस्तुत नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, अभी भी वानकाई ने इस विलंबित चरण पर उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति देने का अनुरोध नहीं किया है, बल्कि केवल उत्तर प्रस्तुत कर दिया है।

54. वानकाई यह भी दावा करता है कि व्यापारियों के माध्यम से किए गए निर्यात को छिपाने के लिए उसके पास कोई प्रोत्साहन नहीं है। वह यह भी दावा करता है कि यदि उसने व्यापारियों के माध्यम से ऐसे निर्यात किए होते, तो समामेलन रोधी जांच में इस मुद्दे के उजागर होने के बाद वह ऐसे निर्यातों में शामिल होने का परिहार करता। तथापि, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि व्यापारियों के माध्यम से किए गए निर्यातों का खुलासा न करने से वानकाई को यह लाभ मिलता है कि वह व्यक्तिगत शुल्क दर का दावा कर सके, बिना यह सुनिश्चित किए कि वितरण चैनल का हिस्सा बनने वाले सभी निर्यातक आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए सहयोग करें। इसके अतिरिक्त, समामेलन रोधी जांच में प्राधिकारी ने वानकाई के इस तर्क को स्वीकार किया था कि उसके ग्रेड नाम के अंतर्गत आयातित उत्पाद वानकाई द्वारा विनिर्मित नहीं थे। तथापि, वानकाई यह प्रदर्शित नहीं कर पाया है कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए कि वस्तुएं उसके नाम के अंतर्गत व्यापारियों के माध्यम से भारत को निर्यात नहीं की जा रही थीं। इसके अतिरिक्त, इस तथ्य से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि व्यापारियों के माध्यम से

निर्यात जारी है, क्योंकि संभव है कि वानकाई ने यह मान लिया हो कि प्राधिकारी समामेलन रोधी जांच में अपनाए गए दृष्टिकोण को ही जारी रखेंगे।

55. वानकाई के तर्क इस तथ्य पर भी अत्यधिक बल देते हैं कि घरेलू उद्योग ने कथित अप्रत्यक्ष निर्यातों की कीमतों का खुलासा नहीं किया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे कीमतें अधिक होंगी। तथापि, यह तर्क स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि मुद्दा यह नहीं है कि मार्जिन अधिक होना चाहिए या कम, बल्कि यह है कि मूल्य श्रृंखला पूर्ण है या नहीं।

56. जहां तक डीआरआई जांच का संबंध है, प्राधिकारी का मत है कि वह अभी केवल जांच के चरण में है, और यह निष्कर्ष निकालने का कोई कारण नहीं है कि डीआरआई यह पाएंगे कि आयातित वस्तुएं वानकाई द्वारा विनिर्मित नहीं थीं।

57. अतः उपर्युक्त के आलोक में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वानकाई प्राधिकारी के समक्ष पर्याप्त और सटीक जानकारी प्रदान करने में विफल रहा है। प्रस्तुत की गई जानकारी महत्वपूर्ण पहलुओं में अपूर्ण है, क्योंकि प्रश्नावली में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जहां निर्यात किसी निर्यातक के माध्यम से किए जाते हैं, वहां उस निर्यातक को भाग-I और भाग-II के साथ-साथ परिशिष्ट 5 का भी उत्तर प्रस्तुत करना होगा। प्राधिकारी की सतत प्रथा यह रही है कि असंबद्ध व्यापारियों को जांच में सहयोग करना आवश्यक होता है, अन्यथा अलग-अलग शुल्क की अनुमति नहीं दी जाती। वर्तमान मामले में, भारत को किए गए निर्यात का महत्वपूर्ण हिस्सा रखने वाले व्यापारी प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं कर पाए हैं। अतः प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि वर्तमान जांच में वानकाई को असहयोगी माना जाएगा।

चीन जन. गण. के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

58. चीन के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है, और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

पाटन मार्जिन

59. उपर्युक्त अनुसार परिकलित सामान्य मूल्य तथा यथा निर्धारित निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन निम्नानुसार है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र. सं.	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन

		(अम.डा./एमटी)	(अम.डा./एमटी)	(अम.डा./एमटी)	(%)	(रेंज)
1	कोई	***	809	***	***	20-30%

ज. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

ज.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

60. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वानकाई से आयात उसके उत्पादों की मांग के कारण बढ़े हैं।

ख. संबद्ध आयातों के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है, क्योंकि संबद्ध वस्तुओं की कीमतें अपरिवर्तित रही हैं, जबकि पीटीए और एमईजी की कीमतों में गिरावट आई है।

ग. कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री समान हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि बिक्री कीमत क्षतिरहित कीमत के बराबर या उससे अधिक है, जो यह दर्शाता है कि कोई क्षति नहीं हुई है।

घ. घरेलू उद्योग का उत्पादन, क्षमता और बिक्री बढ़ी है। क्षमता उपयोग में गिरावट आई है, जो क्षमता में वृद्धि के कारण है।

ड़. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट मूल्यह्रास और ब्याज में वृद्धि के कारण हुई है।

च. संयंत्र बंद होने के विस्तृत कारण प्रदान नहीं किए गए हैं। यह समझा जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए बंद अनियोजित और असामान्य हैं, जिससे घाटा हुआ है।

ज.2. घरेलू उद्योग के विचार

61. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वानकाई पर लागू कम शुल्क ने उसे भारत में महत्वपूर्ण मात्रा में निर्यात जारी रखने की सक्षमता दी है, जो मूल जांच की जांच अवधि में लगाए गए आयात की मात्रा के बराबर है।

ख. पाटनरोधी शुल्क लगाने से संबद्ध देश से होने वाले पाटित आयातों द्वारा घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को रोकने में सफलता मिली है। तथापि, पाटन के जारी रहने और उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को संभावित क्षति की संभावना की जांच करना आवश्यक है।

ग. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने वर्तमान जांच में किसी क्षति का दावा नहीं किया है। घरेलू उद्योग ने संयंत्र बंद होने से संबंधित जानकारी प्रदान की है और उसी की जांच की जा सकती है।

घ. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्षति अवधि के दौरान पीटीए और एमईजी की कीमतों में वृद्धि हुई है, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत कम हुई है।

ड़. वर्तमान मामले में कम कीमत पर बिक्री, कीमत कटौती से कहीं अधिक है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग अपने उत्पाद को क्षतिरहित कीमत के स्तर पर बेचने में सक्षम नहीं रहा है।

च. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि के कारण नहीं हुई है, क्योंकि घरेलू उद्योग का ईबीआईडीटीए भी घटा है।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जॉच

62. प्राधिकारी ने क्षति, कारणात्मक संबंध तथा पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन और घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के जारी रहने की संभावना के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तर्कों और प्रतितर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अनुरोधों को संबोधित करता है।

63. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग को हुए घाटे संयंत्र के अनियोजित रुप से बंद होने के कारण हुए हैं। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जांच अवधि में घरेलू उद्योग को कोई हानि नहीं हुई है। किसी भी स्थिति में, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा किए गए बंद से संबंधित जानकारी की जांच की है

और यह नहीं पाया कि उत्पादन लागत में समायोजन की आवश्यकता वाले कोई असामान्य बंद हुए हों।

64. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात के कारण जांच अवधि के दौरान किसी क्षति का दावा नहीं किया है। घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि वर्तमान में लागू पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, इसलिए पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना आवश्यक है।

ज.3.1. पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क) मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

65. प्राधिकारी ने वर्तमान जॉच के प्रयोजनार्थ भारत में उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री तथा सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार अनुमानित मांग नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित की गई है।

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
घरेलू उद्योग की बिक्रियॉ	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	133	141
आबद्ध खपत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	72	57	55
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	107	103	158
संबद्ध देश से आयात	एमटी	23,142	50,213	2,13,784	1,99,704
अन्य देशों से आयात	एमटी	69,309	59,958	80,692	95,701
आबद्ध सहित मांग	एमटी	12,23,681	14,75,878	17,47,192	19,21,748
आबद्ध छोड़कर मांग	एमटी	12,23,372	14,75,654	17,47,017	19,21,578

66. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग क्षति अवधि के दौरान वर्ष-दर-वर्ष बढ़ी है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में 57% की वृद्धि हुई है।

ख) संबद्ध देश से आयात की मात्रा

67. आयात की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या आयातों में, समग्र रूप से या भारत में उत्पादन अथवा खपत के सापेक्ष महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देश से आयात की मात्रा निम्नानुसार रही है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध देश से आयात	एमटी	23,142	50,213	2,13,784	1,99,704
अन्य देशों से आयात	एमटी	69,309	59,958	80,692	95,701
कुल आयात	एमटी	92,451	1,10,171	2,94,476	2,95,405
भारतीय उत्पादन	एमटी	17,97,465	18,25,971	17,50,498	19,32,656
भारतीय खपत	एमटी	12,23,681	14,75,878	17,47,192	19,21,748
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात					
भारतीय उत्पादन	%	1.29%	2.75%	12.21%	10.33%
खपत/मांग	%	1.89%	3.40%	12.24%	10.39%
कुल आयात	%	25.03%	45.58%	72.60%	67.60%

68. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि:

i. संबद्ध देश से आयात की मात्रा क्षति अवधि के दौरान पर्याप्त रूप से बढ़ी है।

ii. यद्यपि जांच अवधि में आयात की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई है, फिर भी यह 2020-21 की मात्रा से 9 गुना अधिक है। यह भी नोट किया गया है कि वर्तमान जांच अवधि में उत्पादक वानकाई पर लागू शुल्क की राशि में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप आयात में मामूली गिरावट हो सकती है। तथापि, आयात की मात्रा अभी भी काफी अधिक बनी हुई है।

iii. घरेलू उद्योग ने यह भी रेखांकित किया है कि वर्तमान आयात मात्रा मूल जांच अवधि की आयात मात्रा से वास्तविक रूप से कम नहीं है, जो 2,42,638 मीट्रिक टन थी।

iv. भारत में उत्पादन और खपत के सापेक्ष आयात भी क्षति अवधि के दौरान महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हैं, तथापि जांच अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

v. ऐसी स्थिति में जब भारतीय उद्योग के पास भारतीय मांग को पूरा करने के लिए पहले से पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है, संबद्ध आयात अभी भी कुल खपत के 10% से अधिक का हिस्सा बने हुए हैं।

vi. यद्यपि 2020-21 में भारत में कुल आयातों में संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी 24% थी, तथापि संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है और वे अब कुल आयातों में अधिकांश हिस्सा रखते हैं।

ज.3.2. पाटित आयातों की कीमत प्रभाव

69. संबद्ध देश से आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में यह विश्लेषण करना अपेक्षित है कि क्या कथित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में महत्वपूर्ण कीमत कटौती हुई है, अथवा क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को कम करने या कीमतों में ऐसी वृद्धि को रोकना है, जो सामान्य परिस्थितियों में अन्यथा बढ़ गई होती। संबद्ध देश से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कीमत ह्रास तथा कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

क) कीमत कटौती

70. कीमत कटौती के विश्लेषण के उद्देश्य से घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देश से आयातों के पंहुच मूल्य से की गई है। इस संबंध में, उत्पाद के पंहुच मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है, जिसमें सभी छूटों और करों को हटाकर व्यापार के समान स्तर पर औसत बिक्री कीमत का आकलन किया गया है।

विवरण	यूनिट	पीओआई
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/एमटी	***
पंहुच कीमत	₹/एमटी	84,473
कीमत कटौती	₹/एमटी	***

कीमत कटौती	%	***
कीमत कटौती	रेंज	0-10%

71. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम हैं। चूंकि वर्तमान में पाटनरोधी शुल्क लागू है, इसलिए यह संभावना कम है कि इस प्रकार के कीमत अंतर ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर कोई दबाव डाला हो, क्योंकि शुल्क सहित आयात कीमत घरेलू उद्योग की कीमत से अधिक था। तथापि, पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में ऐसे आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती करने की संभावना रखते हैं।

ख) कीमत ह्रास/कीमत न्यूनीकरण

72. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों को महत्वपूर्ण स्तर तक कम कर रहे हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को महत्वपूर्ण स्तर तक कमी करना है अथवा ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो सामान्य परिस्थितियों में बढ़ गई होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागत और कीमतों में हुए परिवर्तनों की जांच की है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	107	105
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	105	93	93
पंहुच कीमत	₹/एमटी	84,830	88,189	85,247	84,473
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	104	100	100

73. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जहां घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, वहीं क्षति अवधि के दौरान बिक्री कीमत में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग अपनी लागत के आधार पर अपने उत्पाद की कीमत निर्धारण करने में सक्षम नहीं रहा है। यह क्षति अवधि के दौरान कम कीमतों पर आयात में वृद्धि का परिणाम है। अतः

आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम किया है और ऐसी कीमत वृद्धि को रोका है, जो अन्यथा सामान्य परिस्थितियों में बढ़ गई होती।

ज.3.3. घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड

74. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार यह अपेक्षा करता है, क्षति के निर्धारण में संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुनिष्ठ जांच शामिल होगी। संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों का निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन शामिल होगा, जिनमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सेदारी, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि तथा पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। तदनुसार, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच की गई है।

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

75. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री तथा क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार रहा है:

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
स्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	115	118
कुल उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	96	102
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	84	86
घरेलू बिक्रियॉ	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	133	141

निर्यात बिक्रियॉ	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	69	45	45
आबद्ध खपत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	72	57	55

76. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता, उत्पादन तथा घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, यद्यपि क्षति अवधि के दौरान क्षमता उपयोग में गिरावट आई है, फिर भी घरेलू उद्योग अपेक्षाकृत उच्च क्षमता उपयोग स्तर पर कार्य कर रहा है।

च) बाजार हिस्सा

77. आयातों तथा घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	93	90
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	88	72	100
संबद्ध आयात	%	2%	3%	12%	10%
अन्य आयात	%	6%	4%	5%	5%

78. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है। इसके विपरीत, संबद्ध आयातों ने क्षति अवधि के दौरान बाजार हिस्सेदारी प्राप्त की है। जांच अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है, जबकि भारतीय उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। तथापि, समग्र रूप से देखा जाए तो क्षति अवधि के दौरान भारतीय उद्योग ने संबद्ध आयातों के पक्ष में अपनी बाजार हिस्सेदारी गंवाई है।

ग) मालसूची

79. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	97	105

80. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में मामूली वृद्धि हुई है, किन्तु वे संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान लगभग स्थिर बनी रही हैं।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

81. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ तथा नियोजित पूंजी पर आय नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	107	105
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	105	93	93
लाभ/(हानि)	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	56	-0	9
लाभ/(हानि)	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	70	-1	13

नकद लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	72	7	19
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	58	9	17

82. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि:

i. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता 2022-23 तक घटती रही और उसके बाद जांच अवधि में उसमें सुधार हुआ। 2022-23 में घरेलू उद्योग को हानि हुई। लाभप्रदता में गिरावट वानकाई द्वारा पाटनरोधी शुल्क के समामेलन के कारण हुई। समामेलन रोधी जांच के परिणामस्वरूप वानकाई से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की अधिक मात्रा लगाए जाने के बाद घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में सुधार हुआ है।

ii. समग्र रूप से देखा जाए तो क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

iii. घरेलू उद्योग के नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय ने भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति का अनुसरण किया है। नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय 2022-23 तक घटे और उसके बाद बढ़े हैं। तथापि, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय दोनों ही 2020-21 के स्तर से कम स्तर पर बने हुए हैं।

iv. यद्यपि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ी है, फिर भी घरेलू उद्योग की स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

83. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट ब्याज और मूल्यह्रास लागत में वृद्धि के कारण आई है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि लाभप्रदता में गिरावट ब्याज और मूल्यह्रास लागत के कारण नहीं है, क्योंकि घरेलू उद्योग का ईबीआईडीटीए, जिसमें ब्याज और मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल नहीं होता, कम हुआ है।

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
ईबीआईडीटीए	₹/एमटी	***	***	***	***

प्रवृति	सूचीबद्ध	100	63	14	21
ईबीआईडीटीए	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	78	19	30

इ) रोजगार, उत्पादकता और वेतन

84. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी तथा उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जांच की है, जो नीचे दी गई है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
कर्मचारी	सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	104	102	95
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	98	102
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	98	96	108
मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	106	115	99

85. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग में कर्मचारियों की संख्या तथा मजदूरी दोनों में गिरावट आई है। तथापि, उत्पादन में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

च) वृद्धि

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
स्थापित क्षमता	%	-	-	15%	3%
उत्पादन	%	-	0%	-4%	6%

घरेलू बिक्रियॉ	%	-	23%	8%	6%
प्रति इकाई लाभ/(हानि)	%	-	-44%	-101%	2,021%
नकद लाभ	%	-	-28%	-91%	185%
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	-24%	-28%	5%

86. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 2022-23 तथा जांच अवधि में अपनी स्थापित क्षमता में वृद्धि की है। यद्यपि 2022-23 में घरेलू उद्योग का उत्पादन घटा है, वहीं जांच अवधि में इसमें वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री वर्ष-दर-वर्ष बढ़ी है। वानकाई पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के समामेलन के कारण 2021-22 और 2022-23 में घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मानकों में गिरावट देखी गई। तथापि, जांच अवधि में इनमें कुछ हद तक सुधार हुआ है।

छ) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

87. वर्तमान जांच अवधि के दौरान प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि पंहुच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है, तथापि शुल्क सहित कीमत घरेलू उद्योग की कीमत से अधिक है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में सुधार देखा गया है। घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में भी सुधार हुआ है। अतः जांच अवधि के दौरान आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित नहीं किया है।

ज) पाटन की मात्रा

88. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का भारत में पाटन किया जा रहा है। पाटन मार्जिन सकारात्मक तथा महत्वपूर्ण है।

झ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

89. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि 2022-23 में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में महत्वपूर्ण गिरावट आई और जांच अवधि में इसमें कुछ सुधार हुआ है। चूंकि घरेलू

उद्योग की स्थिति अभी भी संवेदनशील बनी हुई है, इसलिए शुल्क की अनुपस्थिति में घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

झ. पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना

झ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

90. पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पाटन और क्षति तथा वानकाई द्वारा आयात में वृद्धि की कोई संभावना नहीं है।

ख. वानकाई ने ऐसा कोई पाटन नहीं किया जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

ग. अन्य देशों द्वारा उपयोग किए गए व्यापार उपचार उपायों से चीन जन. गण. के लिए उन देशों के बाजार बंद नहीं होंगे, क्योंकि उन देशों को निर्यात नियमित रूप से जारी है।

घ. यह मानने का कोई आधार नहीं है कि शुल्क समाप्त होने की स्थिति में कोई अतिरिक्त क्षमता भारत को निर्यात की जाएगी।

ड़. भारत कीमत की दृष्टि से आकर्षक बाजार नहीं है, क्योंकि वानकाई को अन्य देशों में अधिक कीमतें प्राप्त हो रही हैं, जिसकी पुष्टि रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी से की जा सकती है।

च. यदि वानकाई पर कोई शुल्क लागू नहीं होगा, तो वह संबद्ध वस्तु का निर्यात केवल उसकी मांग के अनुसार करेगा।

झ.2. घरेलू उद्योग के विचार

91. पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. घरेलू उद्योग को क्षति न होने की स्थिति में भी, शुल्क की समाप्ति के संभावित प्रभाव की जांच करना प्राधिकारी के लिए आवश्यक है, जैसा कि सेस्टेट द्वारा पी.टी. असाहीमास कैमिकल्स बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में निर्णय दिया गया है।

ख. शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग की स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

ग. चीन जन. गण. के उत्पादक और निर्यातक पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी भारतीय बाजार में पाटन करते रहे हैं। पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

घ. चीन के उत्पादक अनुचित व्यापार प्रथाओं के अभ्यस्त हैं और वे केवल भारत में ही नहीं बल्कि अन्य बाजारों में भी पाटन कर रहे हैं।

ड़. वानकाई पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की कम मात्रा के कारण पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद भी भारत में आयात बढ़े हैं। पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में आयात कई गुना बढ़ने की संभावना है।

च. जांच अवधि के बाद भी, अप्रैल-दिसम्बर 2025 के दौरान, चीन से भारत में आयात बढ़ना जारी रहा हैं।

छ. हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, वानकाई द्वारा प्रस्तुत उत्तर के अनुसार भारत को निर्यात बिक्री में 800% की वृद्धि हुई है, जबकि भारत को निर्यात कीमत में गिरावट आई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पाटनरोधी शुल्क के अभाव में आयात बढ़ने की संभावना है।

ज. यह देखते हुए कि वानकाई ने शुल्कों का समामेलन किया, पाटन की संभावना के अभाव का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता।

झ. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है जबकि भारतीय उद्योग की हिस्सेदारी घटी है।

ञ. चीन के उत्पादकों ने घरेलू मांग से अधिक क्षमता स्थापित कर रखी है। भारत की मांग की तुलना में चीन में अतिरिक्त क्षमता छह गुना है। ऐसी अतिरिक्त क्षमताओं में भारतीय उद्योग को समाप्त करने की क्षमता है।

ट. 2020 में शुल्क लगाए जाने के बाद से संबद्ध देश में क्षमताओं में वृद्धि हुई है।

ठ. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, भारतीय प्राधिकारी तथा वैश्विक स्तर पर जांच करने वाले प्राधिकारियों ने यह माना है कि संबद्ध देश में अतिरिक्त क्षमताओं की उपस्थिति संबद्ध देश से आयात में वृद्धि की संभावना

को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, मैनुअल ऑफ ऑपरेटिंग प्रैक्टिसेस के अनुसार संभावना निर्धारण के लिए अतिरिक्त क्षमताओं की जांच आवश्यक है।

ड. अतिरिक्त क्षमता की स्थिति में उत्पादक यदि वे सीमांत लागत को प्राप्त कर सकें तो उत्पाद को बेचने के लिए तैयार होंगे, क्योंकि इससे उनकी स्थिर लागतों की भरपाई हो सकेगी।

ढ़. वानकाई यह स्पष्ट करने में विफल रहा है कि अप्रयुक्त क्षमताओं का उपयोग भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए क्यों नहीं किया जाएगा।

ण. संबद्ध देश में अतिरिक्त क्षमताओं के बावजूद, चीन के उत्पादक और अधिक क्षमताओं का विस्तार कर रहे हैं। पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से संबद्ध वस्तुओं के बड़े पैमाने पर आयात होने की संभावना है।

त. चीन के उत्पादकों के पास ऐसी अप्रयुक्त क्षमताएं हैं जो भारत की मांग से भी अधिक हैं।

थ. संबद्ध देश के उत्पादकों के विरुद्ध अनुचित व्यापार प्रथाओं के कारण अनेक न्यायक्षेत्रों में व्यापार उपचारात्मक उपाय लागू हैं।

द. यूरोपीय संघ तथा संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे न्यायक्षेत्रों जहाँ पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है, का अनुभव यह दर्शाता है कि ऐसे उपायों का लागू किया जाना आयात के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

ध. चीन जन. गण. से आयात अन्य न्यायक्षेत्रों, जैसे अर्जेंटीना और यूरोपीय संघ, में काफी बढ़ गए हैं, जहाँ शुल्क समाप्त होने दिया गया था। यूरोपीय संघ ने चीन जन. गण. से आयात में महत्वपूर्ण वृद्धि के कारण मूल रूप से समाप्त हो चुके पाटनरोधी शुल्क को पुनः लागू किया।

न. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से पूर्व चीन के उत्पादकों के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार था।

प. हाल के समय में यूरोपीय संघ चीन के उत्पादकों के लिए सबसे बड़ा बाजार रहा है। तथापि, पाटनरोधी जांच की शुरूआत होने के कारण चीन जन. गण. से यूरोपीय संघ को होने वाले निर्यात में गिरावट आई है और ऐसे निर्यात भारतीय बाजार की ओर भेज दिए गए हैं। पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति चीन जन. गण. से आयात के भारी प्रवाह के लिए भारतीय बाजार को खोल देगी।

फ. ऐसा कोई वैकल्पिक बाजार नहीं है जो चीन जन. गण. में स्थापित अतिरिक्त क्षमताओं को समाहित कर सके। उत्पाद के प्रमुख उपभोक्ताओं में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और वियतनाम शामिल हैं। यद्यपि अमेरिका और यूरोपीय संघ ने चीन जन. गण. से आयात पर व्यापार उपचारात्मक उपाय और शुल्क लगाए हैं, वियतनाम के पास स्वयं अतिरिक्त घरेलू क्षमता है।

ब. हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, जिन न्यायक्षेत्रों ने उपाय लागू किए हैं– जैसे अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान, मलेशिया, एसएसीयू और संयुक्त राज्य अमेरिका–उनमें चीन से होने वाले निर्यात में गिरावट आई है।

भ. प्राधिकारी ने अनेक जांचों में यह निष्कर्ष निकाला है कि शुल्क लगाए जाने के कारण आयात में गिरावट आई। इस तथ्य को देखते हुए यह नहीं माना जा सकता कि ऐसे देशों में शुल्क लगाए जाने के बाद तीसरे देशों को निर्यात में गिरावट नहीं आ सकती।

म. चीन जन. गण. से तीसरे देशों को होने वाले 91% निर्यात पाटित और क्षतिकारी कीमतों पर हुए हैं।

य. भारत कीमत की दृष्टि से एक आकर्षक बाजार है, क्योंकि चीन जन. गण. से तीसरे देशों को होने वाले 61% निर्यात भारत को होने वाले निर्यात की कीमत से कम कीमत पर होते हैं। ऐसे निर्यात भारत की मांग से कहीं अधिक हैं। पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में चीन के निर्यातक इन निर्यातों को भारतीय बाजार की ओर भेज सकते हैं।

कक. जांच अवधि के दौरान चीन जन. गण. से आयात कीमत में गिरावट आई है। ये आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं और घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम कीमत पर हैं। घरेलू उद्योग केवल लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण ही लाभप्रद बना हुआ है।

खख. संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम कीमतों पर भारत में प्रवेश कर रहे हैं, जिसके कारण घरेलू उद्योग अपनी लागत के अनुरूप अपनी कीमत बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है। समामेलन रोधी जांच के परिणामस्वरूप शुल्क में वृद्धि से घरेलू उद्योग को कुछ राहत मिली है, तथापि उसकी स्थिति अभी भी संवेदनशील बनी हुई है।

घघ. पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें आयात कीमत के स्तर तक घटाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में घरेलू उद्योग को हानि होने की संभावना है।

ड.ड. यदि पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने के बाद घरेलू उद्योग अपनी कीमतें बनाए रखता है, तो प्रयोक्ता की उनसे खरीदारी करने की संभावना कम है, जिससे घरेलू उद्योग को उसकी पूरी स्थिर लागत का नुकसान उठाना पड़ेगा।

चच. पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में भारत में नए निवेश की व्यवहार्यता जोखिम में पड़ जाएगी। भारत में क्षमताएं स्थापित करने के लिए कई उत्पादकों ने निवेश किया है।

छछ. पाटन और क्षति की संभावना का निर्धारण पूरे देश के स्तर पर किया जाना आवश्यक है, न कि किसी एकल उत्पादक के आधार पर।

झ.3. प्राधिकारी द्वारा जॉच

92. वर्तमान जांच संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है। नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी को यह निर्धारित करना आवश्यक है कि क्या पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना उचित है। इसके लिए इस बात की जॉच करना भी आवश्यक है कि क्या लगाए गए शुल्क ने अपने अपेक्षित उद्देश्य की पूर्ति कर ली है।

93. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विदेशी उत्पादक ने संभावना के संबंध में अपनी स्वयं की जानकारी के आधार पर अनुरोध किए हैं, तथापि पाटन तथा परिणामी क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति की संभावना का मूल्यांकन पूरे संबद्ध देश के लिए किया जाना चाहिए, न कि किसी एकल उत्पादक/निर्यातक के संदर्भ में। ऐसा विशेष रूप से इसलिए है क्योंकि वर्तमान समीक्षा में संबंधित उत्पादक वानकाई को असहयोगी माना गया है।

94. प्राधिकारी ने पाटन तथा घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में निम्नानुसार विस्तृत विश्लेषण किया है। संभावना से संबंधित मानकों की जांच निम्नानुसार है:

क. पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी के बावजूद पाटन का जारी रहना

95. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में निर्धारित पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है। अतः पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी भारतीय बाजार में पाटन जारी रहा है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वर्तमान मामले में प्रमुख निर्यातक वानकाई ने पूर्व में पाटनरोधी शुल्क का समामेलन किया था। इस तथ्य को देखते हुए प्राधिकारी यह मानते हैं कि शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन जारी रहने की संभावना है।

ख. पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद आयात में वृद्धि

96. आवेदक ने दावा किया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी संबद्ध देश से आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों में 763% की वृद्धि हुई है, जबकि मांग में केवल 57% की वृद्धि हुई है। अतः संबद्ध आयात लगातार बढ़ते रहे हैं और भारतीय बाजार में मांग में संभावित वृद्धि पर भी कब्जा कर रहे हैं।

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
संबद्ध आयात	एमटी	23,142	50,213	2,13,784	1,99,704
मांग	एमटी	12,23,681	14,75,878	17,47,192	19,21,748

97. प्राधिकारी आगे यह नोट करते हैं कि आयात में मुख्य वृद्धि वानकाई से हुई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि आयात में वृद्धि मुख्यतः वानकाई से होने वाले आयात पर लगाए गए कम शुल्क के कारण हुई है। प्राधिकारी ने हाल ही में की गई एक समामेलन रोधी जांच में यह माना कि वानकाई ने उक्त उत्पादक से होने वाले आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क का समामेलन किया था और तदनुसार वानकाई पर शुल्क की राशि बढ़ा दी गई। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान भी आयात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वानकाई पर लागू अलग शुल्क दर पर ही स्वीकृत किया जा रहा है। अतः प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ऐसी स्थिति में, जहाँ किसी एक उत्पादक पर लागू कम पाटनरोधी शुल्क के कारण भारत में आयात में वृद्धि हुई, लागू पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में संबद्ध देश से आयात में वृद्धि होने की संभावना है।

ग. संबद्ध देश के उत्पादकों के पास काफी अधिक क्षमताएँ

98. घरेलू उद्योग ने वुड मैकेंज़ी रिपोर्ट के आधार पर संबद्ध देश तथा अन्य देशों में क्षमता, उत्पादन और मांग से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की है। अन्य हितबद्ध

पक्षकारों ने चीन में उत्पादन और क्षमताओं के संबंध में कोई विपरीत साक्ष्य रिकॉर्ड में प्रस्तुत नहीं किया है।

99. यह नोट किया जाता है कि जहाँ चीन जन. गण. में मांग लगभग 8,166 केटी है, वहीं चीन जन. गण. में क्षमता 19,069 केटी है। इस प्रकार चीन के उत्पादकों के पास प्रति वर्ष 10,903 केटी की अतिरिक्त क्षमता है। वैश्विक अतिरिक्त क्षमता 12,568 केटी में से 87% चीन के पास है। चीन में अतिरिक्त क्षमताओं की तुलना में भारत में मांग केवल 1,922 केटी है। अतः चीन जन. गण. में अतिरिक्त क्षमता भारत की मांग का लगभग 6 गुना है।

विवरण	यूनिट	वैश्विक	चीन जन.गण.
क्षमता	केटी	41,243	19,069
मांग	केटी	28,675	8,166
मांग की तुलना में अधिक क्षमता	केटी	12,568	10,903

स्रोत: वुड मैकेन्जी रिपोर्ट

100. प्राधिकारी आगे यह नोट करते हैं कि यद्यपि संबद्ध देश में अतिरिक्त क्षमताएँ मौजूद हैं, तथापि वहाँ के उत्पादक अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग नहीं कर रहे हैं और वे अल्प-प्रयुक्त क्षमताओं पर कार्य कर रहे हैं। ऐसी अप्रयुक्त क्षमताएँ भारत की कुल मांग से कहीं अधिक हैं। शुल्क के अभाव में इन अप्रयुक्त क्षमताओं का उपयोग भारत को निर्यात करने के लिए किए जाने की संभावना है।

विवरण	यूनिट	चीन जन. गण.
क्षमता	केटी	19,069
उत्पादन	केटी	13,748
क्षमता उपयोग	%	72%
अप्रयुक्त क्षमता	केटी	5,321
भारत में मांग	केटी	1,922
मांग के संबंध में अप्रयुक्त क्षमताएं	%	277%

स्रोत: वुड मैकेन्जी रिपोर्ट

101. हितबद्ध पक्षकारों ने यह प्रश्न उठाया कि केवल इस कारण कि चीन के उत्पादकों के पास अप्रयुक्त क्षमता है, यह आवश्यक नहीं है कि उन क्षमताओं का उपयोग भारत

को निर्यात करने के लिए किया जाएगा। प्राधिकारी को इस तर्क में कोई आधार नहीं मिलता। वर्तमान मामले में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े यह दर्शाते हैं कि संबद्ध वस्तु के संयंत्र लगभग पूर्ण क्षमता उपयोग के साथ संचालित होने में सक्षम हैं। कोई भी व्यवसाय सदैव अपनी क्षमता उपयोग को अधिकतम करने का प्रयास करता है। यदि अधिशेष मात्रा को निपटाने के लिए कोई बाजार उपलब्ध हो, तो प्रत्येक विवेकपूर्ण व्यवसाय उत्पाद का विपणन करने का प्रयास करेगा, क्योंकि अतिरिक्त बिक्री उसे स्थिर लागत के बोझ को वहन करने में सहायता करती है। यह मानने का कोई तर्कसंगत आधार नहीं है कि किसी व्यवसाय के पास यदि अप्रयुक्त उपयोग योग्य क्षमता हो, तो वह उसे अप्रयुक्त ही बनाए रखेगा, बजाय इसके कि वह उत्पाद को उपलब्ध सभी बाजारों में विपणन करे।

घ. चीन जन. गण. में क्षमता विस्तार

102. घरेलू उद्योग ने यह साक्ष्य प्रस्तुत किया है कि चीन जन. गण. के उत्पादक आगे और क्षमता विस्तार कर रहे हैं। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि चीन के उत्पादकों के पास पहले से ही चीन जन. गण. की घरेलू मांग से कहीं अधिक अतिरिक्त क्षमताएँ मौजूद हैं। इसके बावजूद उत्पादक क्षमता विस्तार की योजना बना रहे हैं। क्षमताओं में ऐसी वृद्धि निर्यात बाजारों के लिए की जा रही है। वर्तमान पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में इन क्षमताओं का उपयोग भारत को निर्यात करने के लिए किए जाने की संभावना है।

विवरण	यूनिट	2024	2025	2026	2027	2028
क्षमता	केटी	19,069	21,839	22,960	23,411	24,161

इ. तीसरे देशों में पाटन

103. घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि चीन जन. गण. से तीसरे देशों को होने वाले भारी निर्यात पाटित तथा क्षतिकारी कीमतों पर किए जा रहे हैं।

विवरण	यूनिट	मात्रा
क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	एमटी	51,60,926
चीन जन. गण. से कुल निर्यात	एमटी	69,89,698
क्षतिकारी निर्यातों का हिस्सा	%	74%
पाटित कीमतों पर निर्यात	एमटी	68,75,962
पाटित आयातों का हिस्सा	%	98%

क्षति मार्जिन	%	0-10%
पाटन मार्जिन	%	15-25%

स्रोत: ट्रेड मैप इंडिया

104. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चीन के निर्यातकों ने संबद्ध वस्तुओं के 74% निर्यात घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से कम तथा पाटित कीमतों पर किए हैं। इस प्रकार, चीन के उत्पादक न केवल भारत में पाटन कर रहे हैं, बल्कि तीसरे देशों में भी पाटन कर रहे हैं।

च. अन्य देशों द्वारा लगाए गए उपाय तथा उन देशों में आयात का व्यवहार

105. तीसरे देशों में पाटन की पुष्टि इस तथ्य से भी होती है कि चीन के उत्पादकों को कई न्यायक्षेत्रों में व्यापार उपचारात्मक उपायों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ, तुर्किये तथा संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। यह दर्शाता है कि संबद्ध देश के उत्पादक अनेक न्यायक्षेत्रों में पाटन में शामिल रहे हैं।

उपाय लगाने वाला देश	लागू उपाय का प्रकार	तारीख और अन्य अभ्युक्तियॉ	अभ्युक्तियॉ
अर्जेंटीना	पाटनरोधी शुल्क	24-10-2013	शुल्क लगाया गया
अमरीका	पाटनरोधी शुल्क	06-05-2016	मूल पाटनरोधी शुल्क
		13-04-2022	पाटनरोधी शुल्क जारी रहना
अमरीका	प्रतिसंतुलनकारी शुल्क	06-05-2016	मूल सीवीडी शुल्क
		11-04-2022	सीवीडी शुल्क जारी रहना
ब्राजील	पाटनरोधी शुल्क	29-11-2016	मूल पाटनरोधी शुल्क
		25-11-2022	पाटनरोधी शुल्क जारी रहना
जापान	पाटनरोधी शुल्क	28-12-2017	मूल पाटनरोधी शुल्क
		31-01-2023	पाटनरोधी शुल्क जारी रहना
दक्षिण कोरिया	पाटनरोधी शुल्क	30-07-2024 30-11-2024	अनंतिम शुल्क निश्चयात्मक शुल्क
दक्षिण अफ्रीकी	पाटनरोधी शुल्क	19-05-2020	शुल्क लागू करना

सीमाशुल्क संघ (एसएसीयू)			
कनाडा	पाटनरोधी शुल्क	17-06-2025	मूल पाटनरोधी शुल्क
	प्रतिसंतुलनकारी शुल्क	17-06-2025	मूल सीवीडी शुल्क
तुर्किए	रक्षोपाय	13-12-2020	मूल उपाय
		13-12-2023	दिसंबर 2026 तक उपायों का जारी रहना
मलेशिया	पाटनरोधी शुल्क	07-05-2025	शुल्क लगाया गया
ईयू	पाटनरोधी शुल्क	13-08-2004	नवंबर 2015 तक शुल्क लगाया गया
ईयू	पाटनरोधी शुल्क	28-11-2023	Provisional duty imposed

छ. चीन के उत्पादकों के लिए सबसे बड़े बाजारों का नुकसान तथा वैकल्पिक बाजारों का अभाव

106. रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी यह दर्शाती है कि मार्च 2021 में पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से पूर्व भारत चीन के उत्पादकों के लिए सबसे बड़ा बाजार था। तथापि, भारत में पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण निर्यात यूरोपीय संघ की ओर भेज दिए गए, जो सबसे बड़ा बाजार बन गया। यूरोपीय संघ ने भी वर्ष 2022-2023 में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगा दिया है। यूरोपीय संघ में ऐसे शुल्क लगाए जाने के बाद वहाँ आयात में गिरावट आई। अतः विदेशी उत्पादकों को अपने सबसे बड़े बाजारों के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू उद्योग ने यह भी रेखांकित किया है कि यूरोपीय संघ में उपाय लागू किए जाने के बाद भारत में आयात में पुनः वृद्धि हुई है।

107. यह भी नोट किया जाता है कि यूरोपीय संघ, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और वियतनाम विचाराधीन उत्पाद के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। यूरोपीय संघ और अमेरिका ने पहले ही चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगा दिया है। ऐसे शुल्क लगाए जाने तथा अमेरिका में संभावित रूप से लगाए गए टैरिफ के परिणामस्वरूप इन देशों को होने वाले निर्यात में उल्लेखनीय गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने यह दावा किया कि यद्यपि वियतनाम इस उत्पाद का एक अन्य बड़ा उपभोक्ता है, परंतु वहाँ पहले से ही देश की मांग से अधिक क्षमता उपलब्ध है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वियतनाम में कुल मांग केवल 580 केटी है, जबकि

भारत में मांग 1,922 केटी है। चूँकि अमेरिका और यूरोपीय संघ में पाटनरोधी शुल्क लागू हैं, इसलिए शुल्क के अभाव में भारत अधिक आकर्षक बाजार बन जाएगा।

108. वानकाई ने यह अनुरोध किया है कि उसने भारत में विचाराधीन उत्पाद की पाटन नहीं किया है और उक्त निर्यातक से आयात में वृद्धि होने की कोई संभावना नहीं है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संभावना का विश्लेषण प्रत्येक उत्पादक/निर्यातक के लिए अलग-अलग करने के बजाय पूरे देश के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में, वानकाई द्वारा भारत को निर्यात के रूप में रिपोर्ट की गई सीमित मात्रा के अनुसार भी, भारत को वानकाई की निर्यात बिक्री में वृद्धि हुई है जबकि तीसरे देशों को निर्यात में गिरावट आई है।

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
भारत को निर्यात	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1,602	1,217	900
तीसरे देशों को निर्यात	एमटी	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	80	93	88

ज. शुल्क लगाए जाने या समाप्त होने के बाद तीसरे देशों को निर्यात की प्रवृत्ति

109. घरेलू उद्योग ने यह रेखांकित किया है कि शुल्क लगाए जाने के परिणामस्वरूप चीन के उत्पादकों ने कई न्यायक्षेत्रों में अपना बाजार गंवा दिया है। ब्राज़ील, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान, मलेशिया, एसएसीयू और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में निर्यात में गिरावट आई है।

110. इसके अलावा, घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रवृत्तियाँ यह दर्शाती हैं कि वर्ष 2023 में अर्जेंटीना में चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के बाद अर्जेंटीना में आयात 1,419 मीट्रिक टन से बढ़कर 70,000 मीट्रिक टन हो गया। इसी प्रकार, यूरोपीय संघ द्वारा चीन जन. गण. से आयात पर लगाया गया पाटनरोधी शुल्क वर्ष 2015 में समाप्त हो गया था। इसके बाद आयात 75,000 मीट्रिक टन से बढ़कर 2,00,000 मीट्रिक टन और धीरे-धीरे 5,00,000 मीट्रिक टन तक पहुँच गया। परिणामस्वरूप यूरोपीय संघ को नवंबर 2023 में पुनः पाटनरोधी जांच प्रारंभ करनी पड़ी और ऐसे आयातों पर फिर से पाटनरोधी शुल्क लगाना पड़ा। ऐसी जांच प्रारंभ होने के बाद आयात में फिर से गिरावट आई। यूरोपीय आयोग ने

यूरोपीय संघ में आयात पर जांच प्रारंभ होने के प्रभाव के संबंध में अपने प्रारंभिक जॉच परिणाम में निम्नानुसार उल्लेख किया है–

"(68) आयोग ने पाया कि 2023 की दूसरी तिमाही के बाद बढ़ती हुई मात्रा की प्रवृत्ति रुक गई थी। तथापि, जब क्षति के खतरे के विश्लेषण की पुष्टि या खंडन के लिए इन आंकड़ों के महत्व और विश्वसनीयता का आकलन किया गया, <u>तो आयोग ने यह भी देखा कि जुलाई से सितंबर 2023 के दौरान चीन के आयात की औसत मासिक मात्रा में जो कमी आई (2022 की तुलना में), वह संभवतः (i) 30 मार्च 2023 को वर्तमान कार्यवाही की शुरुआत के कारण उत्पन्न 'चिलिंग इफेक्ट' तथा अधिकतम 8 महीनों के भीतर अनंतिम उपाय अपनाए जाने की संभावना, और (ii) 31 मई 2023 को शिकायतकर्ता द्वारा आयात के पंजीकरण के लिए किए गए अनुरोध के कारण थी</u>। दूसरे शब्दों में, जांच के बाद की अवधि के जून 2023 तक के आंकड़े–जो शिकायतकर्ता द्वारा आयात के पंजीकरण के अनुरोध के तुरंत बाद की अवधि है– विचारित अवधि के दौरान देखी गई पाटित आयात की महत्वपूर्ण वृद्धि की पुष्टि करते हैं। <u>जून 2023 के बाद आयात की मात्रा में आई महत्वपूर्ण कमी इस निष्कर्ष को नकारती नहीं है, क्योंकि यह संभवतः आयात के पंजीकरण के अनुरोध का परिणाम है,</u> जिसका उद्देश्य शुल्कों को पूर्वव्यापी रूप से लागू करना था। ऐसा अनुरोध विशेषकर जब उस समय <u>संभावित शुल्कों</u> के स्तर के बारे में कोई संकेत नहीं था, <u>आयात की मात्रा पर एक अनिवार्य 'चिलिंग इफेक्ट' उत्पन्न करता है।</u> अतः 2021 से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की दर, जो जांच के बाद की अवधि के आंकड़ों से भी पुष्ट होती है, मूल विनियम के अनुच्छेद 3(9)(क) के अर्थ में आयात में पर्याप्त वृद्धि की संभावना को दर्शाती है।"

111. अंततः, घरेलू उद्योग ने संयुक्त राज्य अमेरिका को होने वाले निर्यात की प्रवृत्ति का भी उल्लेख किया है, जिसमें जांच प्रारंभ होने से पूर्व निर्यात की मात्रा 1,50,058 मीट्रिक टन थी, जो शुल्क लगाए जाने के बाद घटकर केवल 480 मीट्रिक टन रह गई। उपर्युक्त प्रवृत्तियाँ यह दर्शाती हैं कि जब शुल्क लागू रहते हैं तो चीन के उत्पादक निर्यात कम कर देते हैं, किंतु जब शुल्क समाप्त हो जाते हैं तो निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो जाती है।

झ. बाजार के रूप में भारत की कीमत आकर्षकता

112. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि भारतीय बाजार संबद्ध देश के निर्यातकों के लिए एक आकर्षक बाजार है, क्योंकि भारतीय बाजार में मिलने वाली कीमतें चीन जन. गण. से शेष विश्व को किए जाने वाले निर्यात कीमत से अधिक लाभकारी हैं।

यह नोट किया जाता है कि चीन जन. गण. से 61% निर्यात ऐसी कीमतों पर होते हैं जो भारत को किए जाने वाले निर्यात की कीमत से कम हैं। यह मात्रा भारत की मांग से कहीं अधिक है। पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में चीन के उत्पादक भारतीय बाजार से बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे और संभवतः अपने निर्यात भारत की ओर भेज देंगे।

विवरण	यूनिट	मात्रा
कम कीमत पर निर्यातित मात्रा	एमटी	42,45,613
चीन जन. गण. से कुल निर्यात	एमटी	69,89,698
कुल निर्यातों में कम कीमतों वाले निर्यातों का हिस्सा	%	61%

स्रोत: ट्रेड मैप इंडिया

113. प्राधिकारी आगे यह नोट करते हैं कि तीसरे देशों को किए जा रहे ऐसे कम कीमत वाले निर्यात औसतन अम. डा. 846 प्रति मीट्रिक टन के एफओबी मूल्य पर किए जा रहे हैं, जो लगभग ₹ 81,540 प्रति मीट्रिक टन के पंहुच मूल्य में परिवर्तित होता है। यह देखते हुए कि विदेशी उत्पादक अन्य देशों को ऐसी कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं, यह मानने का कोई कारण नहीं है कि शुल्क के अभाव में अपनी अतिरिक्त क्षमता को खपाने के लिए वे भारत को संबद्ध वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए अनिच्छुक होंगे। यदि ऐसे कम कीमतों पर आयात बाजार में प्रवेश करते हैं, तो यह देश में प्रतिस्पर्धा की स्थितियों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

ञ. संभावित कीमत ह्रास या न्यूनीकरण

114. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं और पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। पाटनरोधी शुल्क के अभाव में, आयातों के वर्तमान कीमतों से भी कम कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश करने की संभावना है। ऐसी स्थिति में संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में और अधिक ह्रास तथा न्यूनीकरण करने की संभावना रखते हैं।

115. इस संदर्भ में, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वर्ष 2023-24 के दौरान जब वानकाई द्वारा लगाए गए शुल्क का समामेलन किया जा रहा था तो घरेलू उद्योग को कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण का सामना करना पड़ा था। यह और भी स्पष्ट करता है कि शुल्क के अभाव में आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को कम

करने की संभावना रखते हैं तथा ऐसी कीमत वृद्धि को रोक सकते हैं जो अन्यथा सामान्य परिस्थितियों बढ़ सकती थीं।

ट. घरेलू उद्योग की संवेदनशील स्थिति

116. यह नोट किया जाता है कि वर्ष 2023-24 के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में तीव्र गिरावट आई और स्थिति हानि तक पहुँच गई। इसका कारण यह था कि भारतीय बाजार में कम कीमतों पर सस्ते आयात प्रवेश कर रहे थे। इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग ने संबद्ध आयातों के कारण बाजार हिस्सेदारी भी गंवा दी। घरेलू उद्योग को संबद्ध वस्तु की बिक्री घाटे में करनी पड़ी और उसके नकद लाभ तथा नियोजित पूंजी पर आय में भी भारी गिरावट आई। प्राधिकारी आगे यह भी नोट करते हैं कि समामेलन रोधी जांच के परिणामस्वरूप समामेलन के मुद्दे को संबोधित किए जाने के कारण जांच अवधि में घरेलू उद्योग ने पिछले वर्ष की तुलना में कुछ सुधार किया है। यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की कीमतों में गिरावट आई है, जबकि कच्ची सामग्री की लागत में वृद्धि हुई है। तथापि, घरेलू उद्योग अभी भी एक संवेदनशील स्थिति में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 के दौरान निष्पादन में आई गिरावट यह दर्शाती है कि पाटनरोधी शुल्क के अभाव में संबद्ध वस्तुओं की पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

ठ. पाटनरोधी शुल्क के अभाव में घरेलू उद्योग को संभावित क्षति

117. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों का पंहुच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है। शुल्क के अभाव में, यदि यह मान लिया जाए कि घरेलू उद्योग को आयात कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए विवश होना पड़ेगा, तो ऐसी स्थिति में घरेलू उद्योग को हानि होने की संभावना है।

विवरण	यूनिट	पीओआई
बिक्री लागत	₹/एमटी	***
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***
पंहुच कीमत	₹/एमटी	***
पंहुच कीमत पर लाभ	₹/एमटी	(***)

पंहुच कीमत पर लाभ	₹ लाख	(***)

झ.4. पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति की संभावना संबंधी निष्कर्ष

118. पूर्वोक्त के आधार पर, सारांशीकृत सूचना निम्नानुसार है–

क. पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भारत में पाटन जारी रहा है, जो पाटन के जारी रहने की संभावना को दर्शाता है।

ख. लागू शुल्क के बावजूद संबद्ध आयातों में वृद्धि हुई है और यह वृद्धि मांग में हुई वृद्धि से भी अधिक दर से हुई है।

ग. आयात में वृद्धि मुख्यतः वानकाई द्वारा उत्पादित वस्तुओं के भारी आयात के कारण हुई है। कम शुल्क दर के कारण आयात में वृद्धि यह दर्शाती है कि पाटनरोधी शुल्क के अभाव में संबद्ध देश से आयात में और वृद्धि होने की संभावना है।

घ. संबद्ध देश के उत्पादकों के पास चीन जन. गण. की घरेलू मांग से अधिक क्षमता है तथा उनकी क्षमताएँ पूर्ण रूप से उपयोग में नहीं हैं। ऐसी क्षमताओं का उपयोग पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में भारत को निर्यात के लिए किए जाने की संभावना है। ऐसी अप्रयुक्त क्षमताएँ भारत की मांग से भी अधिक हैं।

ड़. चीन जन. गण. में अतिरिक्त क्षमताएँ होने के बावजूद संबद्ध देश के उत्पादक आगे और क्षमता विस्तार कर रहे हैं।

च. संबद्ध देश के निर्यातक विचाराधीन उत्पाद को तीसरे देशों में भी पाटित कीमतों पर निर्यात कर रहे हैं।

छ. इसके परिणामस्वरूप कई न्यायक्षेत्रों ने चीन से होने वाले निर्यात पर व्यापार उपचारात्मक उपाय लागू किए हैं।

ज. भारत में शुल्क लगाए जाने के बाद यूरोपीय संघ चीन के लिए सबसे बड़ा बाजार बन गया था, परंतु वहाँ पाटनरोधी जांच शुरू होने के बाद यूरोपीय संघ को निर्यात में गिरावट आई है।

झ. प्रमुख उपभोक्ता बाजारों के संदर्भ में, चीन के उत्पादकों को अमेरिका और यूरोपीय संघ में व्यापार उपचारात्मक उपायों का सामना करना पड़ रहा है। यद्यपि वियतनाम ने चीन से आयात पर कोई उपाय लागू नहीं किए हैं, तथापि वहाँ स्वयं अतिरिक्त क्षमताएँ उपलब्ध हैं।

ञ. संबद्ध देश के उत्पादकों/निर्यातकों ने अन्य निर्यात बाजारों में भी शुल्क लगाए जाने के कारण बाजार गंवा दिए हैं।

ट. चीन से यूरोपीय संघ और अर्जेंटीना को होने वाले निर्यात की प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि जैसे ही शुल्क समाप्त होता है, चीन से निर्यात पुनः बढ़ जाता है।

ठ. चीन जन. गण. से 61% निर्यात ऐसी कीमतों पर होते हैं जो भारत में प्रचलित कीमतों से कम हैं। पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में ऐसे निर्यात भारतीय बाजार की ओर भेजे जाने की संभावना है।

ड. पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

ढ़. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं और शुल्क समाप्त होने की स्थिति में घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास या न्यूनीकरण करने की संभावना रखते हैं।

ण. वर्ष 2022-23 में वानकाई द्वारा शुल्क के समामेलन के कारण घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई। यद्यपि जांच अवधि के दौरान इसके निष्पादन में सुधार हुआ है, फिर भी उसकी स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

त. पाटनरोधी शुल्क के नहीं होने पर घरेलू उद्योग को आयात कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिससे उसे हानि होने की संभावना है।

119. उपर्युक्त के आलोक में, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के जारी रहने की संभावना है।

ञ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

120. प्राधिकारी ने यथा संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निहित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत का निर्धारण किया है। संबद्ध

वस्तुओं की क्षतिरहित कीमत जांच अवधि के दौरान उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाते हुए निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देश से पंहुच मूल्य की तुलना क्षतिरहित कीमत के साथ की गई है। क्षतिरहित कीमत निर्धारित करते समय क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्री, सुविधाओं तथा उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग को ध्यान में रखा गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन लागत में कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय शामिल न हो। नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार औसत नियोजित पूंजी (अर्थात् औसत शुद्ध स्थिर परिसंपतियाँ जमा औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (कर पूर्व 22% की दर से) को कर पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई है, ताकि क्षतिरहित कीमत निर्धारित की जा सके।

121. ऊपर यथा निर्धारित पंहुच मूल्य और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा किया गया है, जिसे नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है–

क्षति मार्जिन तालिका

क्रसं	उत्पादक का नाम	एनआईपी	पंहुच कीमत	क्षति मार्जिन	क्षति मार्जिन	क्षति मार्जिन
		अम.डा./एमटी	अम.डा./एमटी	अम.डा./एमटी	%	रेंज (%)
1	कोई	***	989	***	***	0-10%

ट. गैर-आरोपण विश्लेषण तथा कारणात्मक संबंध

122. नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी को अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे ज्ञात कारकों की भी जांच करनी होती है जो पाटित आयातों के अतिरिक्त घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रहे हों, ताकि इन अन्य कारकों से होने वाली क्षति के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार न ठहराया जाए। इस संदर्भ में संगत कारकों में, अन्य बातों के साथ-साथ, ऐसे आयातों की मात्रा और कीमत जो पाटित कीमतों पर नहीं बेचे गए हैं, मांग में संकुचन या उपभोग की प्रवृत्ति में परिवर्तन, विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच व्यापार-प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ और प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास तथा घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और उत्पादकता शामिल हो सकते हैं। यद्यपि वर्तमान जांच अवधि में प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पाई है, फिर भी नीचे यह जांच

की गई है कि क्या पाटित आयातों के अतिरिक्त अन्य कारक घरेलू उद्योग को संभावित क्षति में योगदान दे सकते हैं।

क. तीसरे देशों से आयात की मात्रा और मूल्य

123. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देश के अतिरिक्त संबद्ध वस्तुओं का महत्वपूर्ण आयात बांग्लादेश, थाईलैंड और वियतनाम से हो रहा है। तथापि, बांग्लादेश और वियतनाम से आयात की कीमत संबद्ध देश से आयात की कीमत से अधिक है। यद्यपि जांच अवधि के दौरान थाईलैंड से आयात की कीमत चीन जन. गण. से आयात की कीमत से कम थी, फिर भी इस अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में सुधार हुआ है। अतः घरेलू उद्योग को संभावित क्षति का कारण तीसरे देशों से आयात को नहीं ठहराया जा सकता है।

ख. मांग में संकुचन

124. संबद्ध वस्तुओं की मांग क्षति अवधि के दौरान निरंतर बढ़ी है और जांच अवधि के दौरान यह सर्वाधिक रही है। अतः मांग में संभावित संकुचन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना नहीं है।

ग. उपभोग की प्रवृत्ति

125. विचाराधीन उत्पाद के उपभोग की प्रवृत्ति में ऐसा कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने की संभावना रखता हो।

घ. प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ तथा व्यापार-प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ

126. ऐसी कोई व्यापार-प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ या प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ नहीं हैं जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने की संभावना रखती हों।

ङ. प्रौद्योगिकी में विकास

127. संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना हो।

च. उत्पादकता

128. घरेलू उद्योग का कुल उत्पादन, जिसमें उत्पादन भी शामिल है, क्षति अवधि के दौरान बढ़ा है। अतः संभावित क्षति का कारण उत्पादकता में गिरावट नहीं हो सकता।

छ. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

129. यहाँ जांच की गई क्षति संबंधी जानकारी घरेलू उद्योग के केवल घरेलू बाजार में निष्पादन से संबंधित है। अतः घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन निर्धारित संभावित क्षति का कारण नहीं हो सकता है।

ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन

130. संभावित क्षति का कारण कंपनी के अन्य उत्पादों का निष्पादन नहीं हो सकता है, क्योंकि घरेलू उद्योग ने केवल समान वस्तु से संबंधित जानकारी को पृथक कर अनुरोध किया है।

ठ. <u>भारतीय उद्योग का हित एवं अन्य मुद्दे</u>

ठ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

131. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में कोई विशेष अनुरोध नहीं किए हैं, सिवाय इसके कि यदि इस जांच में शुल्क जारी रखा जाता है तो अंतिम उपभोक्ताओं की लागत बढ़ जाएगी।

ठ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

132. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं–

i. सार्वजनिक हित का निर्धारण निम्नलिखित के हितों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए(क) समान वस्तु के घरेलू उत्पादक, (ख) उत्पाद के घरेलू उपभोक्ता, (ग) उत्पादन तथा उपभोग दोनों उद्योगों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योग, तथा (घ) सामान्य जनता।

ii. यह तथ्य कि उत्पाद के प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, यह दर्शाता है कि पाटनरोधी शुल्क के जारी रहने से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

iii. डाउनस्ट्रीम उद्योग पर पाटनरोधी शुल्क का कोई प्रतिकूल प्रभाव होने का कोई प्रमाण नहीं है, क्योंकि विचाराधीन उत्पाद की मांग बढ़ी है और पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमत में वृद्धि नहीं हुई है।

iv. भारतीय उद्योग की क्षमता भारत की संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

v. यद्यपि भारत में क्षमता पूरी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, तथापि सस्ते आयातों पर निर्भरता के कारण भारत से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन हुआ है।

vi. भारतीय उद्योग के पास काफी अधिक मात्रा में निर्यात करने की क्षमता है। पाटनरोधी शुल्क के जारी रहने से भारतीय उद्योग को भारतीय तथा विदेशी दोनों बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलेगी।

vii. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद नए उत्पादकों द्वारा भारत में विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया गया है। ऐसे निवेशों की व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए शुल्क को जारी रखना आवश्यक है।

viii. पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना भारत में उत्पाद की उपलब्धता को प्रभावित नहीं करेगा, क्योंकि संबद्ध वस्तु का आयात अन्य कई स्रोतों से किया जा सकता है।

ix. पाटनरोधी शुल्क के जारी रहने का डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर प्रभाव नगण्य है।

x. संबद्ध वस्तु की लागत अंतिम डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमत निर्धारित करने वाला प्रमुख कारक नहीं है।

xi. पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में अपस्ट्रीम उद्योग–अर्थात पीटीए और एमईजी का विनिर्माण करने वाला उद्योग–गंभीर रूप से प्रभावित होगा।

xii. भारत एक अधिक आकर्षक बाजार है और पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में चीन जन. गण. के उत्पादक अपने निर्यात भारत की ओर भेज सकते हैं।

xiii. चीन जन. गण. के उत्पादकों को वहाँ की सरकार से कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे उत्पादकों को भारतीय उद्योग की तुलना में अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त है।

ठ.3. प्राधिकारी द्वारा जॉच

133. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का मुख्य उद्देश्य पाटन जैसी अनुचित व्यापार प्रथाओं से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करना है,

जिससे भारतीय बाजार में खुली और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। यह केवल एक नियामक उपाय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय हित का विषय भी है। पाटनरोधी उपायों को लागू करना या जारी रखना संबद्ध देश से आयात को मनमाने ढंग से प्रतिबंधित करने के लिए नहीं है। बल्कि यह समान प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करने का एक माध्यम है। प्राधिकारी यह स्वीकार करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना भारत में उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित कर सकता है। तथापि, यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि इन उपायों के लागू होने से भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की मूल भावना प्रभावित नहीं होगी। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपायों को जारी रखना पाटन के माध्यम से अनुचित लाभ प्राप्त करने की प्रवृत्ति को रोकता है। यह उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तुओं के व्यापक विकल्पों तक पहुँच भी सुनिश्चित करता है। अतः पाटनरोधी शुल्क निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं में बाधा नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करने वाला उपाय है।

134. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों, जिनमें आयातक, प्रयोक्ता और उपभोक्ता शामिल हैं, से विचार आमंत्रित करते हुए जॉच शुरूआत अधिसूचना जारी की थी। एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, ताकि विभिन्न हितधारक जिनमें घरेलू उद्योग, उत्पादक/निर्यातक और आयातक/प्रयोक्ता/उपभोक्ता शामिल हैं, वर्तमान जांच से संबंधित संगत जानकारी प्रदान कर सकें, जिसमें उनके संचालन पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव भी शामिल हैं।

135. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के किसी भी प्रयोक्ता या आयातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया और पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने का विरोध नहीं किया है। प्रयोक्ताओं की भागीदारी का अभाव यह दर्शाता है कि शुल्क लगाए जाने से प्रयोक्ता प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं हुए हैं।

136. इसके अतिरिक्त, वर्तमान जांच संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है। रिकॉर्ड में ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है जो यह दर्शाती हो कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

137. इसके विपरीत, रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी से यह पता चलता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद नए उत्पादकों–जिनमें इंडोरामा यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड, सुमिलोन इंडस्ट्रीज़, जिंदल पॉलीफिल्म्स लिमिटेड, यूफ्लेक्स लिमिटेड और स्पर्श इंडस्ट्रीज़ शामिल हैं, ने भारत में क्षमताएँ स्थापित की हैं। भारतीय उद्योग ने संबद्ध

वस्तु के उत्पादन के लिए 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। अतः शुल्क लगाया जाना भारत में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनिवार्य रहा है।

138. आवेदकों ने यह भी अनुरोध किया है कि विचाराधीन उत्पाद के प्रमुख कच्ची सामग्री– पीटीए और एमईजी–के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण निवेश किए गए हैं। भारत में ऐसी क्षमताएँ डाउनस्ट्रीम उद्योग, जिसमें पीईटी रेज़िन भी शामिल है, की अच्छी मांग के कारण व्यवहार्य हैं।

139. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारतीय उद्योग के पास भारत की संपूर्ण मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है। यदि यह मान भी लिया जाए कि चीन से आयात बंद हो जाते हैं, तब भी पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने से भारतीय बाजार में उत्पाद की कमी उत्पन्न नहीं होगी।

विवरण	पीओआई
भारत में मांग	19,19,456
भारत में कुल क्षमताएं	24,05,500
अंतर	(4,86,044)

140. इसके अतिरिक्त, आवेदकों ने रिकॉर्ड में यह जानकारी प्रस्तुत की है कि संबद्ध वस्तु का आयात विभिन्न देशों से किया जा सकता है, जिनमें ब्राज़ील, ताइवान, वियतनाम, ओमान, तुर्किये और दक्षिण कोरिया शामिल हैं, जिनमें उनकी घरेलू मांग से अधिक उत्पादन क्षमता उपलब्ध है।

देश	क्षमता (केटी)	मांग (केटी)
ब्राजील	1,010	619
ताइवान	1,457	264
वियतनाम	1,230	580

ओमान	850	252
तुर्किये	1110	476
दक्षिण कोरिया	742	504

141. उपर्युक्त देशों के अतिरिक्त, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु का भारत में बांग्लादेश, ताइवान और थाईलैंड से भी काफी मात्रा में आयात किया गया है। अतः, शुल्क को जारी रखने के बाद भी संबद्ध देश से आयात जारी रहें, संबद्ध वस्तु का आयात ऐसे अन्य स्रोतों से भी किया जा सकता है।

142. आवेदकों ने यह भी रेखांकित किया है कि घरेलू उद्योग की क्षमता भारत की संपूर्ण मांग को पूरा करने के साथ-साथ विदेशों को निर्यात करने के लिए भी पर्याप्त है। चूँकि संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम कीमत पर हैं, इसलिए पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना घरेलू उद्योग को भारतीय बाजार में व्यवहार्य बनाए रखने में सहायक होगा और भारतीय उद्योग की निर्यात क्षमता में भी योगदान देगा।

143. यह भी नोट किया जाता है कि यद्यपि हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि अंतिम प्रयोक्ताओं की लागत बढ़ जाएगी, किन्तु इस संबंध में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है। रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी और साक्ष्यों के अनुसार, पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने का प्रभाव अत्यंत न्यूनतम है। रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी से यह भी स्पष्ट होता है कि पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने का प्रभाव केवल 0.08 रुपये प्रति एक लीटर बोतल होगा। यह भी नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु की कीमत डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमत निर्धारित करने वाला प्रमुख लागत कारक नहीं है, क्योंकि अंतिम उत्पाद की कीमत में इसका हिस्सा अत्यंत नगण्य है। प्रमुख लागत तत्व वह लिक्विड है जिसे डाउनस्ट्रीम उत्पाद में पैक किया जाता है।

विवरण	यूनिट	दर
1 लीटर पानी की बोतल की कीमत	रुपये	20-100
बोतल का भार	ग्रा.	22.5
खपत मानक	ग्रा./ ग्रा.	1.02
बोतल में पीईटी की खपत	ग्रा.	22.95

पाटनरोधी शुल्क	₹/ग्रा.	0.0035
बोतल की कीमत पर प्रभाव, यदि कोई हो	₹	0.08

ड. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

144. प्राधिकारी ने अंतिम निर्धारण पर पहुंचने से पहले सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों वाले प्रकटन विवरण को 24 फरवरी 2026 को परिचालित किया। हितबद्ध पक्षकारों को 3 मार्च 2026 तक टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। वांकाई ने टिप्पणियां दायर करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। प्राधिकारी ने जांच पूरी करने की समय सीमा को ध्यान में रखते हुए वानकाई को टिप्पणी देने के लिए 9 मार्च, 2026 तक का समय दिया।

145. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद, वानकाई ने 27 फरवरी 2026 के ईमेल के माध्यम से अतिरिक्त सूचना का प्रकटन मांगा। वांकाई ने निर्यात करने वाले व्यापारियों के नाम, आयात का विवरण, व्यापारियों के माध्यम से आयात लेनदेन, मात्रा और व्यापारियों के माध्यम से निर्यातित मात्रा और मूल्य, मूल प्रमाण पत्र, प्रकटन विवरण में संदर्भित बीजक और बीजक संख्या, डीजी सिस्टम आंकड़ों की प्रति, घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत फोटोग्राफिक और वीडियोग्राफिक साक्ष्य, आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति के बारे में सूचना मांगी।

146. चूंकि कुछ अनुरोध घरेलू उद्योग से संबंधित थे, इसलिए प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को वांकाई द्वारा अनुरोधों का उत्तर देने का निर्देश दिया। घरेलू उद्योग ने फोटोग्राफिक साक्ष्य और व्यापारियों के माध्यम से निर्यात की मात्रा और कीमत, उनके सूचना के अनुसार प्रस्तुत किया। घरेलू उद्योग ने इस बात पर जोर दिया कि अगोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति को पहले ही संशोधित और प्रसारित किया जा चुका है, और इसके बाद वानकाई द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। जहां तक मूल प्रमाण पत्र, बीजक और बीजक संख्या का संबंध है, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि उन्हें गोपनीयता के अधिकतम आश्वासन पर खरीदा गया है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध कि यदि ऐसी सूचना प्रदान की जाती है, तो इससे उन पक्षकारों के नाम का प्रकटन होगा जिन्होंने घरेलू उद्योग को सूचना प्रदान की थी और वानकाई, अन्य

आपूर्तिकर्ताओं, आयातकों और उपभोक्ताओं के सामने ऐसे पक्षकार प्रकट होंगे। इसका ऐसे पक्षकार पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इससे ऐसे आयात करने वाले पक्षकारों के रणनीतिक खरीद विकल्पों को खतरा होगा। इसके अलावा, अन्य बातों के साथ-साथ, इससे वांकाई और उसके व्यापारियों द्वारा भविष्य में आपूर्ति से इनकार किया जा सकता है, यदि वांकाई इस बात से अवगत है कि ऐसे आयातकों ने मूल का प्रमाण पत्र प्रदान किया। यही बात वीडियोग्राफिक साक्ष्य पर भी लागू होती है, क्योंकि इससे किसी पक्षकार को सूचना के स्रोत का पता चल जाएगा। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्राधिकारी ने इस पर भरोसा नहीं किया है।

